दैनिक
# भीम प्रज्ञा
PRGI No. RJHIN/25/A3844    डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026
2009 से स्थापित
सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता
www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-120 | झुंझुनू (राजस्थान) | बुधवार, 25 मार्च, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्यः 5.00

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

'जो व्यक्ति परिस्थितियों के बदलने का इंतजार नहीं करता, बल्कि खुद को बदल लेता है–वही जीवन में आगे बढ़ने की असली कला जानता है। '

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए
हेल्पलाइन - 9983040937
Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

## वादों से नहीं, प्रयासों से बनती है सफलता की असली पहचान

आज के दौर में वादों की कोई कमी नहीं है। हर व्यक्ति अपने जीवन में, अपने रिश्तों में और अपने लक्ष्यों के प्रति बड़े-बड़े दावे करता है। लेकिन जब उन वादों की कसौटी पर समय आता है, तो अक्सर वे खोखले साबित हो जाते हैं। इसका कारण स्पष्ट है–वादे केवल शब्दों पर आधारित होते हैं, जबकि सफलता की नींव शब्दों से नहीं, बल्कि निरंतर प्रयास और कर्म से बनती है। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है।

मनुष्य का जीवन अनिश्चितताओं से भरा हुआ है। यहाँ रिश्ते बदलते हैं, परिस्थितियाँ बदलती हैं और कई बार वे लोग भी साथ छोड़ देते हैं जिन पर हमने सबसे अधिक भरोसा किया होता है। ऐसे में यदि कोई चीज स्थायी रहती है, तो वह है–हमारी मेहनत और हमारी कोशिश। यही वह शक्ति है, जो हमें हर कठिन परिस्थिति में आगे बढ़ने का साहस देती है। वादे करना आसान है, लेकिन उन्हें निभाना कठिन। क्योंकि वादे बाहरी दुनिया से जुड़े होते हैं, जबकि कोशिश एक आंतरिक प्रतिबद्धता है–जो हम खुद से करते हैं। जब कोई व्यक्ति खुद से यह संकल्प लेता है कि वह हर परिस्थिति में प्रयास करता रहेगा, तब उसकी सफलता की यात्रा शुरू होती है। जीवन में बाधाएं आना स्वाभाविक है। कोई भी व्यक्ति बिना संघर्ष के सफलता के शिखर तक नहीं पहुँच सकता। इस संदर्भ में एक छोटी सी चींटी का उदाहरण अत्यंत प्रेरणादायक है। जब वह अपने से कई गुना बड़ा दाना लेकर दीवार पर चढ़ने का प्रयास करती है, तो बार-बार गिरती है। लेकिन वह हार नहीं मानती। वह बार-बार प्रयास करती है और अंततः अपने लक्ष्य तक पहुँच जाती है। यह केवल एक दृश्य नहीं, बल्कि जीवन का गहरा संदेश है–सफलता उन्हीं को मिलती है, जो लगातार प्रयास करते रहते हैं।

आज की पीढ़ी के सामने सबसे बड़ी चुनौती है–धैर्य की कमी। हम त्वरित परिणाम चाहते हैं, बिना यह समझे कि हर बड़ी सफलता के पीछे वर्षों का परिश्रम छिपा होता है। बिना मेहनत के मिली सफलता न तो स्थायी होती है और न ही संतोष देती है। इसके विपरीत, संघर्ष के बाद मिली सफलता का आनंद ही कुछ और होता है, क्योंकि उसमें हमारे प्रयास, हमारी मेहनत और हमारी दृढ़ता शामिल होती है। यह भी सच है कि असफलता का डर कई लोगों को प्रयास करने से रोक देता है। वे सोचते हैं कि यदि वे असफल हो गए तो समाज क्या कहेगा, लोग क्या सोचेंगे। लेकिन यह सोच ही सबसे बड़ी बाधा बन जाती है। क्योंकि जो व्यक्ति प्रयास ही नहीं करता, उसकी हार पहले से ही निश्चित हो जाती है। इसके विपरीत, जो व्यक्ति गिरने के बाद भी उठता है और फिर से प्रयास करता है, वही अंततः सफलता प्राप्त करता है। समाज भी अक्सर केवल परिणाम को देखता है, प्रयास को नहीं। लेकिन हमें यह समझना होगा कि हर सफल व्यक्ति के पीछे असफलताओं की एक लंबी कहानी होती है। फर्क सिर्फ इतना है कि उसने उन असफलताओं को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया, बल्कि उन्हें सीख के रूप में स्वीकार किया और आगे बढ़ता रहा।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने जीवन में वादों के बजाय प्रयासों को प्राथमिकता दें। हमें यह समझना होगा कि कोई भी व्यक्ति हमेशा हमारे साथ नहीं रह सकता, लेकिन हमारी मेहनत और हमारी लगन हमेशा हमारे साथ रहती है। यही वह पूंजी है, जो हमें कभी धोखा नहीं देती। यदि हम ईमानदारी और निरंतरता के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहें, तो सफलता देर से ही सही, लेकिन निश्चित रूप से हमारे कदम चूमेगी। इसके लिए जरूरी है कि हम परिणाम की चिंता छोड़कर अपने प्रयास पर ध्यान केंद्रित करें। क्योंकि परिणाम हमारे नियंत्रण में नहीं होता, लेकिन प्रयास पूरी तरह हमारे हाथ में होता है।

**अंततः** यह कहा जा सकता है कि जीवन में सफलता पाने के लिए वादों की नहीं, बल्कि मजबूत इरादों और निरंतर प्रयासों की आवश्यकता होती है। जो व्यक्ति यह समझ जाता है कि उसकी असली ताकत उसकी मेहनत में है, वह कभी असफल नहीं हो सकता। इसलिए आज ही यह संकल्प लें कि हम वादों के भरोसे नहीं, बल्कि अपने प्रयासों के बल पर आगे बढ़ेंगे। क्योंकि सच यही है–वादे टूट सकते हैं, लोग साथ छोड़ सकते हैं, लेकिन आपकी मेहनत और कोशिश कभी आपका साथ नहीं छोड़ती। यही जीवन की सबसे बड़ी सच्चाई और सफलता का सबसे मजबूत आधार है।

# RBSE 10वीं रिजल्टः झुंझुनूं टॉप, नवलगढ़ की निकुंज ने हासिल किए 99.50' अंक

## शिक्षा में झुंझुनूं का दबदबा, 97.77' रिजल्ट के साथ रचा कीर्तिमान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**



राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (RBSE) द्वारा घोषित 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में झुंझुनूं जिले ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिले का कुल परीक्षा परिणाम 97.77 प्रतिशत रहा, जो प्रदेश में सबसे अधिक है। इस शानदार प्रदर्शन से जिले में खुशी और उत्साह का माहौल है। जिले की टॉपर नवलगढ़ की छात्रा निकुंज रही, जिसने 99.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल अपने विद्यालय बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। निकुंज बलवंतपुरा फाटक स्थित सरस्वती स्कूल की छात्रा हैं। उन्होंने विज्ञान, गणित और संस्कृत में 100 में से 100 अंक हासिल किए, जबकि हिंदी, अंग्रेजी और सामाजिक विज्ञान में 99-99 अंक प्राप्त किए।निकुंज ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अध्ययन और समय प्रबंधन को दिया। उन्होंने बताया कि वह स्कूल के अलावा रोजाना करीब 7 घंटे स्व-अध्ययन करती थीं और सभी विषयों को समान महत्व देती थीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता उनके लिए एक शुरुआत है और भविष्य में वह और बेहतर प्रदर्शन करना चाहती हैं।

इस वर्ष झुंझुनूं जिले से कुल 30,565 विद्यार्थियों ने परीक्षा के लिए आवेदन किया था, जिनमें से 30,063 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। इनमें से 29,394 विद्यार्थी सफल रहे। परिणाम का विश्लेषण करें तो जिले में 21,852 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वहीं 6,688 विद्यार्थियों को द्वितीय श्रेणी और 854 विद्यार्थियों को तृतीय श्रेणी हासिल हुई है। जिले के इस अभूतपूर्व परिणाम पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों, विद्यालय प्रबंधन एवं अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और बेहतर शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है। झुंझुनूं का यह प्रदर्शन आने वाले वर्षों के लिए भी एक नई मिसाल कायम करेगा।

राजस्थान- ग्रामीण LPG उपभोक्ताओं के लिए बड़ा फैसला

## 25 दिन बाद ही करवा सकेंगे नई बुकिंग



**जयपुर ।** राजस्थान में अब ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता घरेलू सिलेंडर की बुकिंग 25 दिन बाद ही करा सकेंगे। करीब 10 दिन पहले कंपनियों ने रसोई गैस की किल्लत को देखते हुए बुकिंग अवधि को बढ़ाकर 45 दिन किया था। संचालकों का कहना है कि ग्रामीण इलाकों में उपयोग कम होने के कारण सिलेंडर की बुकिंग सामान्यतः भी एक माह या उससे ज्यादा के अंतराल में आती है। टाइम बढ़ने से डिलीवरी का समय और ज्यादा बढ़ गया था। वहीं, शहरी क्षेत्रों में बुकिंग 25 दिन बाद ही हो रही है। इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है।

## फतेहाबाद जिला जूनियर व सब जूनियर बाक्सिंग में बजरंगबली बॉक्सिंग अकैडमी ने जीते चौदह मेडल -डायरेक्टर विनय वर्मा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**



**रजत विजय रंगा ।** बजरंगबली बॉक्सिंग अकेडमी टोहाना के बॉक्सरों ने जिला स्तरीय जूनियर और सब जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में 14 गोल्ड मेडल जीते। जानकारी देते हुए बजरंगबली बॉक्सिंग अकेडमी संचालक विनय वर्मा और बॉक्सिंग कोच महेश कुमार डांगरा ने बताया कि अब आगे सभी बॉक्सर हरियाणा स्टेट जूनियर और सब जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में फतेहाबाद जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। जूनियर लड़कों और लड़कियों में सचिन कुमार 48 किलोग्राम,गुरप्रीत 50 किलोग्राम, वर्ण 54 किलोग्राम, अवनीत 57 किलो ग्राम, हरमनसिंह 63 किलोग्राम, कृष्णा +80 किलोग्राम और वही लड़कियों में मानवी बिश्नोई 46 किलोग्राम, हरप्रीत 50 किलोग्राम और वही सब जूनियर बॉक्सरों में आकाश 33 किलोग्राम, हिमांशु 35 किलोग्राम, सर्वेश 55 किलोग्राम, सुखमण 64 किलोग्राम, वही सब जूनियर लड़कियों में ऋषिका कबीर 43 किलोग्राम में और किरण प्रीत कौर 46 किलोग्राम में इन सभी बच्चों ने विभिन्न वेट कैटेगरी में जिला स्तरीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में प्रथम स्थान हासिल करके अपने माता-पिता, गुरु, क्लब गांव और शहर टोहाना का नाम रोशन किया वही बच्चों ने अपनी इस जीत का श्रेय अपने कोच महेश कुमार डांगरा को दिया । वही बच्चों की इस जीत पर अकादमी में खुशी का माहौल है सभी बच्चों को मिठाईयां खिलाकर उनका स्वागत किया गया इस मौके पर बजरंग मॉडल स्कूल प्रिंसिपल अंजू वर्मा, टोहाना की बॉक्सिंग के पितामह डॉक्टर रणधीर सिंह,पूर्व बॉक्सिंग कोच और सेक्रेटरी रणबीर सिंह, बॉक्सिंग कोच महेश कुमार डांगरा, बॉक्सिंग कोच जरनैल गिल समैन, बॉक्सिंग कोच रितुरंगा समैन, डीपी वीरेंद्र गिल गजुवाला, बॉक्सिंग कोच राहुल डांगरा, बॉक्सिंग कोच सत्यवान टोहाना, सभी ने बच्चों को इस जीत पर बधाई दी।

## झुंझुनूं के कन्हैया लाल मेवता बने डॉक्टरेट, भौतिक शास्त्र में हासिल की पीएचडी

### सोलर सेल की दक्षता बढ़ाने पर किया महत्वपूर्ण शोध, क्षेत्र में खुशी की लहर

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.झुंझुनूं।**



शिक्षा के क्षेत्र में एक और उल्लेखनीय उपलब्धि जुड़ते हुए झुंझुनूं जिले के दिलावरपुर निवासी एवं सीकर जिले के घोद ब्लॉक स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, अर्जुनपुरा में प्रधानाचार्य पद पर कार्यरत कन्हैया लाल मेवता ने भौतिक शास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। डॉ. मेवता ने राजस्थान विश्वविद्यालय से 'ऑप्टिमाइजेशन ऑफ सोलर सेल इफिशिएंसी बाय ट्यूनिंग होल इंजेक्शन एंड लेयर थिकनेस ऑफ थिन फिल्म्स' विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया। उनका यह शोध सोलर ऊर्जा के क्षेत्र में नई संभावनाओं को दिशा देने वाला माना जा रहा है। यह शोध कार्य उन्होंने एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. बलराम त्रिपाठी के निर्देशन में सफलतापूर्वक पूरा किया। इस उपलब्धि पर डॉ. मेवता ने अपने शोध मार्गदर्शक, माता श्रवणी देवी, पिता महावीर प्रसाद मेवता, पत्नी नूपुर तथा परिवारजनों और मित्रों का आभार व्यक्त किया। उनकी इस सफलता से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। शिक्षाविदों एवं गणमान्य नागरिकों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया है। डॉ. मेवता की यह उपलब्धि न केवल शिक्षा क्षेत्र में योगदान का प्रतीक है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि निरंतर प्रयास और समर्पण से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

## विवेकानन्द पब्लिक सेकेंडरी स्कूल चिड़ावा ने फिर रचा इतिहास



**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**



मंड्रेल्ला रोड़ स्थित विवेकानन्द पब्लिक सेकण्डरी स्कूल चिड़ावा के छात्र-छात्राओं ने 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में फिर एक बार इतिहास रच दिया है।अभिभावकों व विद्यार्थियों के वर्षो के विशवास की परम्परा को लगातार कायम किया। प्रिंसिपल विनोद कुमार सैनी ने बताया कि 10 वीं बोर्ड परीक्षा 2026 का परिणाम हर वर्ष की भांति पूरे चिड़ावा क्षेत्र में सर्वोत्कर्ष रहा है। छात्रा खुशी सोनी पुत्री पवन कुमार ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे चिड़ावा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके आलावा ज्योति पुत्री उमराव सिंह ने 94.33 प्रतिशत, योगेश पुत्र संजय ने 93.83 प्रतिशत, तनीषा पुत्री अशोक कुमार ने 93. 17 प्रतिशत, ऋषभराज पुत्र वीरेंद्र ने 92.83 प्रतिशत, राशि पुत्री अमित लाटा ने 92.17 प्रतिशत वंशिका पुत्री रोशनलाल ने 91.50 प्रतिशत , साक्षी पुत्री सत्यपाल ने 90.83 प्रतिशत व विशाल पुत्र मुकेश कुमार ने 90.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे चिड़ावा क्षेत्र, जिले व राजस्थान में नाम रोशन किया है।शानदार परीक्षा परिणाम देने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय के अध्यक्ष शिवचन्द सैनी सचिव कोशी सैनी द्वारा सम्मानित किया गया। डायरेक्टर ने शानदार परीक्षा परिणाम के लिए सभी छात्र-छात्राओं, स्टॉफ व अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी।

## सैनिक की वर्दी नहीं, हौसला ही असली पहचान : मंत्री

## डीडवाना में खुला राजस्थान का पहला एकीकृत सैनिक कल्याण परिसर, निकाली तिरंगा यात्रा

**भीम प्रज्ञा न्यूज**



**जयपुर ।** कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि सैनिक की पहचान केवल वर्दी से नहीं बल्कि, उसके हौसले और संकल्प से होती है। उन्होंने मंगलवार को डीडवाना में राजस्थान के पहले एकीकृत सैनिक कल्याण परिसर के लोकार्पण किया। सैनिक कल्याण विभाग की ओर से पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के लिए बनाई गई इस सुविधा को समर्पित करते हुए कैबिनेट मंत्री राठौड़ लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान बोल रहे थे। इस दौरान तिरंगा यात्रा निकालने के साथ ही पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के लिए हेल्थ कैंप का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि देश की सुरक्षा में पूर्व सैनिकों का योगदान अमूल्य है। जिसे कभी नहीं बुलाया जा सकता है।

## कक्षा 10 बोर्ड परिणाम में छात्र-छात्राओं ने मारी बाजी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पलसाना।**





सरस्वती विद्यापीठ शिक्षण संस्थान पलसाना की छात्रों ने 10ह्व्द बोर्ड रिजल्ट में अपना परचम लहराया है। डायरेक्टर रिछपाल सिंह रूलानिया ने बताया की विद्यालय की छात्रा प्रियंका ने 95.67, महिमा 95.50 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है, डायरेक्टर रूलानिया ने कहा कि संस्था द्वारा लगातार बेहतरीन उत्कृष्ट परिणाम दिया जा रहा है, विद्यालय परिवार की ओर से खुशी का जश्न मनाया। इस मौके पर राजेंद्र कुमार मीणा, बनवारीलाल कुमावत, सुरेश कुमार, प्रदीप कुमार, राजेंद्र प्रसाद सैनी, मुकेश कुमार, पंकज कुमार, जितेंद्र सिंह, सीताराम रणवा, बनवारीलाल, बलबीर सिंह, गजेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, सतवीर सिंह सहित अनेक विद्यालय स्टाफ मौजूद था।

WALK-IN-INTERVIEW
REQUIRED
• TGT - All Subjects • PRT - All Subjects
• PGT - Physics • Mother Teacher
Date of Interview
22 MARCH 2026
Timing : 9 AM to 2 PM
महिला टीचर को प्राथमिकता दी जायेगी।
L.B.S.
#Ab Hoga Kamyabi Par Sabka Haq
Scholarship Test 2026-27
Seize the Opportunity
Get up to 100%
Scholarship in Tuition Fee
Exam Date & Time
29 March 2026, Sunday
09:00 AM to 12:00 PM
Exam Center
LBS International Sr. Sec. School, Pacheri Bari
Admissions Open
Session 2026-27
PLAY GROUP to XII
SCIENCE & ARTS
L.B.S. INTERNATIONAL SR. SEC. SCHOOL
गुंती रोड़, पचेरी बड़ी Helpline No. 8209020308, 9413562241, 8209000294

## विधानसभा में बजट चर्चा के दौरान सीएम सुक्खू ने कहा, राज्य में कोई आर्थिक संकट नहीं

शिमला (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में बजट चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्पष्ट किया कि राज्य में कोई आर्थिक संकट नहीं है और सरकार 2032 तक सभी कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) का लाभ देगी। उन्होंने कहा कि सरकार उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग कर आत्मनिर्भरता की दिशा में काम कर रही है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर द्वारा प्रदेश की वित्तीय स्थिति को कमजोर बताने के दावे को सीएम सुक्खू ने खारिज किया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के वेतन में कटौती नहीं की गई है, बल्कि इस केवल छह महीने के लिए स्थगित किया है। साथ ही उन्होंने जयराम ठाकुर पर गलत आंकड़े प्रस्तुत करने का आरोप लगाकर कहा कि यदि सही आंकड़े दिखाते, तब स्थिति को लेकर भ्रम नहीं फैलता। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि यदि विपक्ष सरकार के फैसलों का विरोध नहीं कर रहा और कोर्ट नहीं जा रहा, तो इसका मतलब है कि वे भी वास्तविक स्थिति को समझते हैं। इसके अलावा, उन्होंने सोलन और कुल्लू जिलों के अस्पतालों में रोबोटिक सर्जरी शुरू करने की योजना की जानकारी दी, जिसके लिए लगभग 28 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक मशीनें खरीदी जाएगी। अंत में सुक्खू ने सवाल उठाया कि कौन सी सरकार बेहतर है—वह जो 17 हजार करोड़ की आरडीजी से चल रही है या वह जिसने 76 हजार करोड़ के कर्ज का दुरुपयोग किया।

## वजन घटाने वाली दवा को लेकर सतर्क ड्रग्स कंट्रोलर... दवा की बिना अनुमति बिक्री और प्रचार पर सख्त

नई दिल्ली (एजेंसी)। वजन घटाने वाली दवा (जीएलपी-1) की सप्लाई चेन में नैतिक फार्मास्युटिकल तरीकों को सुनिश्चित करने भारत के ड्रग्स कंट्रोलर ने दवा की बिना अनुमति बिक्री और प्रचार के खिलाफ जांच तेज कर दी है। भारतीय बाजार में जीएलपी-1 आधारित वजन घटाने वाली दवाओं के कई जैनेरिक वेरिएंट के आने के साथ रिटेल फार्मेसियों, ऑनलाइन, थोक विक्रेताओं और वेलनेस क्लीनिकों के माध्यम से इसकी मांग को लेकर चिंता सामने आई हैं। जब इन दवाओं का उपयोग उचित चिकित्सकीय देखरेख के बिना किया जाता है, तब इनके गंभीर दुष्प्रभाव और संबंधित स्वास्थ्य जोखिम हो सकते हैं। स्थिति का संज्ञान लेकर भारत के ड्रग्स कंट्रोलर ने राज्य रेगुलेटरों के सहयोग से फार्मास्युटिकल सप्लाई चेन में संभावित गलत तरीकों को रोकने और बिना अनुमति बिक्री तथा उपयोग को रोकने के लिए कई लक्षित कार्रवाइयां शुरू की हैं। 10 मार्च 2026 को सभी निर्माताओं को विस्तृत एडवाइजरी जारी की गई थी, जिसमें स्पष्ट रूप से सरोगेट विज्ञापनों (अप्रत्यक्ष विज्ञापनों) और किसी भी प्रकार के अप्रत्यक्ष प्रचार पर रोक लगाई गई थी, जो उपभोक्ताओं को गुमराह कर सकता है। हाल के हफ्तों में प्रवर्तन गतिविधियों को काफी बढ़ाया गया है। 49 संस्थाओं पर ऑडिट और निरीक्षण किए गए, जिसमें शामिल हैं ऑनलाइन फार्मेसी के गोदाम, दवा के थोक विक्रेता, खुदरा विक्रेता, और वेलनेस तथा स्लिमिंग क्लीनिक प्रमुख है। ये निरीक्षण देश भर के कई क्षेत्रों में किए गए और इनका मुख्य उद्देश्य बिना अनुमति बिक्री, गलत प्रिस्क्रिप्शन (दवा लिखने) के तरीके, और गुमराह करने वाले मार्केटिंग से संबंधित उल्लंघनों की पहचान करना था। रेगुलेटर इस बात पर ज़ोर देता है कि मरीजों की सुरक्षा सर्वोपरि है। चिकित्सकीय देखरेख के बिना वजन घटाने वाली दवाओं का गलत उपयोग गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं का कारण बन सकता है। नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे ऐसी दवाओं का उपयोग केवल योग्य चिकित्सकों के मार्गदर्शन में ही करें।

## देश के कई राज्यों में गुजरते मार्च में होगी बारिश और बर्फबारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के पहाड़ी राज्यों में बारिश-बर्फबारी और मैदानी राज्यों में भी हल्की से तेज बारिश का असर है। राजस्थान में एक हफ्ते से बारिश और तेज हवा का अनुमान है। जो मार्च के अंत तक जारी रह सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक 26 से 31 मार्च के बीच राज्य में दो अलग-अलग ?वेदर सिस्टम सक्रिय होने वाले हैं। मध्यप्रदेश में साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम का असर है। इसके कारण राज्य के उज्जैन, सागर, ग्वालियर-चंबल संभाग में बादल छाए। इसके कारण दिन के तापमान में गिरावट आई। 26-27 मार्च से आंधी-बारिश की संभावना है। उत्तर प्रदेश में नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ सहित 10 जिलों में बारिश हुई। यहां तापमान सामान्य से 10 डिग्री सेल्सियस या उससे भी नीचे रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक 26 मार्च से एक और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय होगा। इससे 3-4 दिन तक पूरे प्रदेश में फिर बारिश हो सकती है। 25 मार्च को अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बिजली गिरने की आशंका है। कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, बंगाल और सिक्किम में हल्की बारिश की संभावना। वहीं 26 मार्च को मध्य भारत, बिहार, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में हल्की बारिश की संभावना है। राजस्थान में पिछले सप्ताह शुरू हुआ आंधी-बारिश का दौर मार्च के अंत तक जारी रहेगा। मौसम विभाग ने राज्य में 26 से 31 मार्च के बीच दो अलग-अलग ?वेदर सिस्टम के सक्रिय होने की संभावना जाहिर की है। पिछले 24 घंटे में जयपुर, हनुमानगढ़, झुंझुनूं जिलों में बारिश हुई। दोपहर में कोटा, बारां, अजमेर में बारिश हुई।

## लालू को फिर झटका, दिल्ली हाई कोर्ट ने याचिका में कोई दम नहीं... ये कहकर खारिज की

नई दिल्ली (एजेंसी)। नई दिल्ली में स्थित दिल्ली हाई कोर्ट ने आरजेडी प्रमुख और पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव को लैंड-फॉर-जॉब्स मामले में बड़ा झटका देकर उनकी याचिका खारिज कर दी। याचिका में उन्होंने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग की थी। अदालत ने साफ कहा कि याचिका में कोई दम नहीं है। इस फैसले से लालू यादव को फिलहाल कोई राहत नहीं मिली है और उनकी कानूनी मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। सुनवाई के दौरान लालू यादव के वकील ने दलील दी कि यह जांच फ़गैर-कानूनी और दुर्भावनापूर्णफ़ है और उनके मुवक्किल के निष्पक्ष जांच के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करती है। उन्होंने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए का हवाला देकर कहा कि बिना पूर्व मंजूरी के शुरू की गई जांच अवैध मानी जानी चाहिए। साथ ही यह भी तर्क दिया गया कि राजनीतिक प्रतिशोध के तहत कार्रवाई की जा रही है। हालांकि अदालत ने इन दलीलों को स्वीकार नहीं किया। यह मामला 2004 से 2009 के बीच का है, जब लालू प्रसाद यादव केंद्र सरकार में रेल मंत्री थे। आरोप है कि उस दौरान रेलवे में ग्रुप-डी की नौकरियां देने के बदले लोगों से जमीन ली गई।

# कपिल सिब्बल को फटकराते हुए सुप्रीम कोर्ट... केंवल 'ईडी,ईडी,ईडी' की रट मत लगाइये

### सिब्बल से पूछा... क्या किसी सरकारी अधिकारी के मौलिक अधिकार नहीं होते

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को अहम सुनवाई करते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच चल रहे विवाद में महत्वपूर्ण सवाल उठाकर पूछा है कि क्या किसी सरकारी अधिकारी के मौलिक अधिकार नहीं होते हैं या केवल सरकारी अधिकारी होने के कारण वे अपने मौलिक अधिकार खो देते हैं? जस्टिस पी.के.मिश्रा और जस्टिस एन.वी.अंजारिया की पीठ ने कहा कि ईडी के कुछ अधिकारियों ने मामले में व्यक्तिगत रूप से याचिका दायर की है। इसके बाद यह तर्क देना कि प्रवर्तन निदेशालय अनुच्छेद 32 के तहत याचिका नहीं दायर कर सकती। यह याचिका ममता बनर्जी पर राजनीतिक कंसल्टेंसी फर्म आई-पैक के खिलाफ की गई तलाशी अभियानों में कथित हस्तक्षेप के आरोप में दायर की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने दो टूक कहा, ÷क्या ईडी के अधिकारी हो जाने की वजह से देश के नागरिक नहीं रह जाते? उनके मौलिक अधिकारों का क्या?÷ पीठ ने कहा कि ईडी के कुछ अधिकारियों ने अपनी व्यक्तिगत क्षमता में अदालत में याचिका दायर की है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने चेताया कि केवल ईडी,ईडी,ईडी÷ कहकर मामले को नहीं देखा जा सकता, बल्कि उन अधिकारियों के अधिकारों पर ध्यान देना जरूरी है जो इस पूरे घटनाक्रम में कथित रूप से प्रभावित हुए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस मिश्रा ने सुनवाई के दौरान टिप्पणी कर कहा, कृपया ईडी के उन अधिकारियों के मौलिक अधिकारों पर ध्यान केंद्रित करें, जिनके संबंध में अपराध किया गया है। अन्यथा, आप मुख्य मुद्दे से भटक जाएंगे। आप उस दूसरी याचिका को नहीं भूल सकते, जिस याचिका को उन व्यक्तिगत अधिकारियों ने दायर किया है, जो इस अपराध के पीड़ित हैं। मैं आपको बता रहा हूं, आप मुश्किल में पड़ जाएंगे। सिर्फ ईडी, ईडी, ईडी की रट न लगाएं।

वहीं पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से वरिष्ठ



वकील कपिल सिब्बल ने दलील दी कि जांच करना कोई मौलिक अधिकार नहीं, बल्कि एक वैधानिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि अगर जांच में बाधा आती है, तब उसका समाधान कानून के तहत है, न कि अनुच्छेद 32 के जरिए होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हम किसी कानून की व्याख्या किसी विशेष परिस्थिति के संदर्भ में करके, आपराधिक कानून की मूल विशेषताओं के विपरीत जाकर मुसीबतों का नहीं खोल सकते।

सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी समय का हवाला देकर सुनवाई टालने की मांग भी खारिज की। जस्टिस मिश्रा ने कहा, ÷हम न चुनाव का हिस्सा बनना चाहते हैं, न किसी अपराध का। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने यह टिप्पणी इस बात का संकेत है कि कोर्ट इस मामले को गंभीरता से देख रहा है और टालने के पक्ष में नहीं है।

#### पूरा मामला क्या है?

यह विवाद जनवरी में तब शुरू हुआ, जब ईडी ने पॉलिटिकल कंसल्टेंसी फर्म आई-पैक के ठिकानों पर छापेमारी की। आरोप है कि तब सीएम ममता बनर्जी मौके पर पहुंचीं थी और उन्होंने कुछ दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण वहां से हटा लिए थे। ईडी का दावा है कि इससे उनकी जांच प्रभावित हुई। यह जांच कथित कोयला तस्करी मामले से जुड़ी है, जिसमें कारोबारी अनूप माजी पर आरोप हैं।

## अमेरिका और ईरान का तनाव कम करने के लिए भारत समेत 4 मुस्लिम देश हुए सक्रिय

नई दिल्ली (एजेंसी)। मध्य पूर्व में जारी भीषण संघर्ष को रोकने और इसे महायुद्ध में बदलने से बचाने के लिए दुनिया की बड़ी ताकतें पर्दे के पीछे से सक्रिय हो गई हैं। ताजा रणनीतिक घटनाक्रम और वरिष्ठ राजनयिकों से मिली जानकारी के अनुसार, अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम करने के लिए ओमान और तुर्की के माध्यम से अत्यंत गोपनीय बैकचैनल वार्ताएं आयोजित की जा रही हैं। ऐतिहासिक रूप से मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाले ओमान ने एक बार फिर दोनों कट्टर प्रतिद्वंद्वियों को संवाद की मेज पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राजनयिक हलकों में हो रही इन चर्चाओं से यह भी स्पष्ट हुआ है कि इस शांति प्रक्रिया में केवल तुर्की और ओमान ही नहीं, बल्कि भारत, सऊदी अरब और मिस्र जैसे देश भी लगातार कूटनीतिक संदेशों के आदान-प्रदान का जरिया बने हुए हैं। भारत के संबंध ईरान और अमेरिका दोनों के साथ संतुलित और बेहतर हैं, जिसे देखते हुए नई दिल्ली ने क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने के लिए संवाद के रास्ते खुले रखने में मदद की है। विशेषज्ञों का मानना है कि इन देशों की मध्यस्थता और कूटनीतिक दबाव ने युद्ध को अनियंत्रित होने से रोकने में एक सिक्योरिटी वाल्व की तरह काम किया है। हालांकि, यह अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं है कि इन गुप्त वार्ताओं का हालिया घोषित 5-दिवसीय युद्ध विराम के फैसले पर कितना सीधा प्रभाव पड़ा है, लेकिन इसके सकारात्मक संकेत जरूर मिले हैं। युद्ध के चौथे सप्ताह में प्रवेश करने के साथ ही यह पहली बार देखा जा रहा है कि इतने सारे प्रभावशाली राष्ट्र एक साथ मिलकर वाशिंगटन और तेहरान के बीच की खाई को पाटने की कोशिश कर रहे हैं। चर्चा है कि आने वाले समय में कूटनीतिक समाधान की कोशिशें और तेज हो सकती हैं। कूटनीतिक गलियारों में यह दावा भी किया जा रहा है कि पाकिस्तान, तुर्की और मिस्र की कोशिशों के बाद भविष्य में होने वाली उच्च स्तरीय बैठकों में अमेरिका की ओर से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस शामिल हो सकते हैं। फिलहाल, सैन्य तनाव के बीच इन गुप्त वार्ताओं ने वैश्विक स्तर पर शांति की नई उम्मीद जगाई है।

## कश्मीर की अलगाववादी नेता आसिया अंद्राबी को उम्रकैद की सजा

**-दो सहयोगियों को भी 30-30 साल की जेल**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की कड़कड़डूमा अदालत ने कश्मीर की अलगाववादी नेता आसिया अंद्राबी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। वहीं उसकी दो सहयोगियों सोफी फहमीदा और नाहिदा




नसरीन को 30-30 साल की जेल की सजा दी गई। तीनों को इससे पहले जनवरी में गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दोषी ठहराया गया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत सिंह की अदालत ने सजा पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह फैसला सुनाया। अदालत ने अपने पूर्व निर्णय में कहा था कि आसिया अंद्राबी और उसकी सहयोगियों ने कश्मीर को भारत से अलग करने की साजिश रची और देश विरोधी गतिविधियों में शामिल रहीं। 14 जनवरी को अदालत ने तीनों आरोपियों को यूएपीए की विभिन्न धाराओं—धारा 20 (आतंकवादी संगठन का सदस्य होना), धारा 38 (आतंकवादी संगठन से जुड़ाव) और धारा 39 (आतंकवादी संगठन का समर्थन) के तहत दोषी ठहराया था। इसके अलावा, भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए, 153बी, 120बी, 505 और 121ए के तहत भी इन्हें अपराधी पाया गया। इस मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की ओर से वरिष्ठ सरकारी वकील ने कड़ी सजा की मांग की थी। एजेंसी का कहना था कि आरोपी देश के खिलाफ गंभीर साजिशों और गतिविधियों में शामिल रही हैं, इसलिए उन्हें ऐसी सजा दी जानी चाहिए जो समाज में एक कड़ा संदेश दे और भविष्य में इस तरह के अपराधों पर रोक लगे। गौरतलब है कि तीनों आरोपियों को जुलाई 2018 में गिरफ्तार किया गया था। लंबे समय तक चली सुनवाई और साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने यह फैसला सुनाया, जिसे देश विरोधी गतिविधियों के खिलाफ एक सख्त कानूनी कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है।

# राहुल गांधी एक अबोध बालक, वे एक नासमझ बच्चे की तरह हैं

### -गिरिराज ने विपक्ष के नेता पर कसा तंज, बोले- मोदी के नेतृत्व पर सबको भरोसा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी को अबोध बालक बताया और उन पर कोविड-19 महामारी के दौरान भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। गिरिराज ने कहा कि राहुल गांधी एक अबोध बालक हैं, वे एक नासमझ बच्चे की तरह हैं। मैंने जिक्र किया था कि कोविड काल में भी उनकी गतिविधियां देश में भ्रम फैलाने और लोगों को भड़काने से जुड़ी थीं। आज भारत के नेतृत्व और जनता को नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर पूरा भरोसा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गिरिराज सिंह ने कहा कि हमने कोविड-19 के खिलाफ सफलतापूर्वक लड़ाई लड़ी। इस देश में अभी तक ईंधन की कीमतें नहीं बढ़ी हैं। मैंने देखा कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने ईंधन की कीमतें बढ़ा दी हैं। अब राहुल गांधी की आवाज कहां है? वे दूसरी जगहों पर इस बारे में शोर मचाते रहते हैं, वे यह क्यों नहीं पूछते कि वहां कीमतें क्यों बढ़ाई गईं? भले ही देश के पीएम मोदी ने कीमतें नहीं बढ़ाई हैं, जबकि अमेरिका, जापान और जर्मनी जैसे देशों ने बढ़ा दी हैं, प्रबंधन का



मतलब ही यही है। इसीलिए मैं कह सकता हूं कि भारत को किसी भी चीज से कोई समस्या नहीं है, क्योंकि भारत की जनता में अपार आत्मविश्वास है। हम किसी भी आपदा को अवसर में बदल सकते हैं और चुनौतियों का डटकर सामना कर सकते हैं। इस देश की एकमात्र समस्या विपक्ष का नेता (एलओपी) है।

गिरिराज यह टिप्पणी विपक्षी नेता राहुल गांधी द्वारा पश्चिम एशिया की स्थिति के संबंध में पीएम मोदी के लोकसभा भाषण की आलोचना के बाद आई है, जिसमें राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर अमेरिका का नाम न लेने का आरोप लगाया और कहा कि वह ट्रम्प के 100फीसदी नियंत्रण में हैं। राहुल ने कहा कि मैंने सुना है कि पीएम मोदी ने 25 मिनट का भाषण दिया, लेकिन मैं गारंटी देता हूं कि वे संसद में किसी बहस में भाग नहीं ले सकते क्योंकि वे समझौता कर चुके हैं। मोदी ने 25 मिनट तक भाषण दिया लेकिन अमेरिका के खिलाफ एक शब्द भी नहीं कहा। पीएम मोदी पूरी तरह से ट्रंप के नियंत्रण में हैं।

राहुल गांधी ने दावा किया कि पीएम मोदी ने व्यापार समझौते के जरिए भारत के कृषि क्षेत्र को अमेरिका के लिए खोल दिया है और चेतावनी देते हुए कहा कि यहां हमारे पास छोटे खेत हैं, जबकि अमेरिका में हजारों एकड़ में फैले बड़े-बड़े खेत हैं। यहां लोग हाथों से काम करते हैं, और वहां बड़े-बड़े मशीनों से काम होता है। अगर अमेरिकी सामान भारत आने लगे, तो हमारे किसान बर्बाद हो जाएंगे। ये टिप्पणियां पीएम मोदी के लोकसभा में अमेरिका-इजराइल-ईरान संघर्ष पर दिए गए भाषण के बाद आईं।

# मोदी की पॉपुलैरिटी आज पाताल लोक पहुंच चुकी है, उनका साम्राज्य जाने वाला है

### केजरीवाल बोले- आज चुनाव बेईमानी से जीते जा रहे, सबसे बड़ा उदाहरण मैं हूं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के तौर पर 2026 पूरा नहीं कर पाएंगे। मेरा दिल और राजनीतिक समझ कहती है कि मोदी और अमित शाह जाने वाले है। केजरीवाल ने कहा कि मोदी की पॉपुलैरिटी आज पाताल लोक पहुंच चुकी है। उनका साम्राज्य जाने वाला है। केजरीवाल ने यह बात शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत की किताब लॉन्चिग के मौके पर दिल्ली में कही। इस दौरान दिग्विजय सिंह, कपिल सिब्बल और संजय सिंह समेत कई विपक्षी नेता मौजूद थे।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबक केजरीवाल ने कहा कि एक समय ऐसा होता था जब एक भी नेगेटिव कमेंट आता था तो इनकी पूरी मशीनरी मिलकर उसको डिलीट या म्यूट कर देती थी, लेकिन अब तो मोदी एक पोस्ट करते हैं तो नीचे कमेंट बॉक्स में सिर्फ गालियां मिलती हैं। उन्होंने कहा कि पहले जब मोदीजी के खिलाफ कोई मीम बना देता था तो उसको जेल हो जाती थी, लेकिन अब इतने मीम बन रहे हैं कि किस-किस को जेल में डालेंगे। सोशल मीडिया का पूरा माहौल और इको-सिस्टम ही बदल चुका है। वही आपको बताता है कि मोदी की पॉपुलैरिटी आज पाताल लोक पहुंच चुकी है।


बीजेपी के चुनाव जीतने पर केजरीवाल ने कहा कि चुनाव बेईमानी से जीते जा रहे हैं। उसका सबसे बड़ा जीता जागता उदाहरण मैं हूं। मैं नई दिल्ली विधानसभा से चुनाव लड़ा। मेरे जेल जाने से पहले मेरी विधानसभा में जब मैं पिछली बार लड़ा था तो 1 लाख 48 हजार वोट थे। जब मैं जेल से लौटकर आया तो 1 लाख 6 हजार वोट बचे थे। 42 हजार वोट इन्होंने पीछे से कटवा दिए। उन्होंने कहा कि ये इसी तरह से जीत रहे हैं। वोट जोड़ते हैं, डिलीट करवाते हैं और फर्जी वोट डलवाते हैं। जब देश को इन दोनों से मुक्ति मिलेगी तो एक संतुष्टि यह होगी कि इस लड़ाई में हमने भी योगदान दिया और हम भी जेल गए थे।

इससे पहले केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट कर मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध से पैदा हालात को लेकर भी केंद्र सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि शेयर बाजार में गिरावट है, एलपीजी की कमी से कई कारोबार प्रभावित हुए हैं और लोग गर्मी में सिलेंडर के लिए कतारों में खड़े हैं। साथ ही प्रवासी मजदूरों के सामने रोजगार का संकट है और रुपया भी निचले स्तर पर पहुंच गया है। जब दुनिया को पहले से अंदेशा था, तो सरकार ने पहले से तैयारी क्यों नहीं की और हर संकट का बोझ आम लोगों पर ही क्यों डाला जाता है।

## अलवर: घीलोठ औद्योगिक क्षेत्र की एसी फैक्ट्री में भीषण आग, करोड़ों का हुआ नुकसान

**अलवर (एजेंसी)।** राजस्थान के अलवर जिले में स्थित नीमराणा के घीलोठ औद्योगिक क्षेत्र से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहाँ स्थित ट्रांस एचसीआर नामक एयर कंडीशनर (एसी) बनाने वाली कंपनी में मंगलवार तड़के करीब 3 बजे अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते उसने पूरी फैक्ट्री को अपनी आगोश में ले लिया। रात के सन्नाटे में उठती आग की गगनचुंबी लपटें और काले धुएं का गुबार कई किलोमीटर दूर से साफ देखा जा सकता था, जिससे आसपास के ग्रामीणों और अन्य औद्योगिक इकाइयों में भारी दहशत फैल गई।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन सक्रिय हो गया। नीमराणा, बहरोड़, घीलोठ और सोतानाला से दमकल की गाड़ियां तुरंत मौके पर भेजी गईं। दमकल कर्मियों को आग बुझाने में कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा क्योंकि फैक्ट्री के भीतर एसी निर्माण में प्रयुक्त होने वाला ज्वलनशील सामान,



प्लास्टिक पार्ट्स, पैकिंग सामग्री और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का भारी भंडार था। इस सामग्री ने ईंधन का काम किया, जिससे आग तेजी से फैलती चली गई। गनीमत यह रही कि हादसा देर रात हुआ जब फैक्ट्री में श्रमिक मौजूद नहीं थे, जिसके कारण एक बड़ा जानी नुकसान टल गया।

मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आग की लपटें इतनी तीव्र थीं कि फैक्ट्री की छत धधक उठी और परिसर के भीतर से रुक-रुक कर धमाकों की आवाजें सुनाई देती रहीं। आशंका जताई जा रही है कि फैक्ट्री के अंदर रखे गैस सिलेंडर, कंप्रेसर या केमिकल कंटेनर अत्यधिक गर्मी के कारण फट गए, जिसने आग को और अधिक विकराल बना दिया। हालांकि, आग लगने के सटीक कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। शुरुआती अनुमानों के मुताबिक, इस अग्निकांड में करोड़ों रुपये का कच्चा माल और कीमती मशीनरी जलकर राख हो गई है, जिससे कंपनी को भारी आर्थिक क्षति पहुंची है।

प्रशासन ने घटना की गंभीरता को देखते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं। आग के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए तकनीकी विशेषज्ञों की टीम बुलाई जा रही है, जो शॉर्ट सर्किट, मशीनरी में तकनीकी खराबी या सुरक्षा मानकों की अनदेखी जैसे बिंदुओं पर जांच करेगी। स्थानीय निवासियों और औद्योगिक संगठनों ने इस घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए औद्योगिक क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पुख्ता करने की मांग की है। फिलहाल, सुरक्षा के लिहाज से पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और स्थिति पर पैनी नजर रखी जा रही है।

# ईरान की रणनीति देख भारत ने भी पिनाका रॉकेट लॉन्चर रेजिमेंट को ऑपरेशनल किया

### -इस 'देसी ब्रह्मास्त्र' में है कम समय में भारी तबाही मचाने की क्षमता


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान की अमेरिका-इजराइल के खिलाफ चल रहे महायुद्ध ने इस चिंता को बढ़ा दिया है। इस वैश्विक तनाव और पाकिस्तान-चीन सीमा पर बढ़ते खतरे के बीच भारतीय सेना ने अपनी रक्षा क्षमता को और मजबूत करने की तैयारी तेज कर दी है। सूत्रों के मुताबिक भारतीय सेना ने एक और पिनाका रॉकेट लॉन्चर रेजिमेंट को ऑपरेशनल कर लिया है और इस साल के अंत तक एक और रेजिमेंट को शामिल करने की तैयारी में है। इससे सेना के पास अब 7 पिनाका रेजिमेंट हो गए हैं, जो पाकिस्तान और चीन सीमा पर तैनात हैं।

मीडिया रिपोर्ट में रक्षा सूत्रों ने हवाले से बताया गया है कि पिनाका के आठवें रेजिमेंट के लिए अब आधे से ज्यादा उपकरण प्राप्त किए चुके हैं और 2026 के अंत तक पूरी तरह ऑपरेशनल हो जाएगा। अगले साल दो और रेजिमेंट को शामिल करने की योजना है, जिससे कुल संख्या 10 हो जाएगी। भारतीय सेना का लक्ष्य 22 पिनाका रेजिमेंट बनाने का है, जिसमें नई लंबी दूरी वाली गाइडेड मिसाइलों से लैस संस्करण शामिल होंगे। ये पुरानी सिस्टम की जगह लेंगे और छोटे मिसाइल-ड्रोन के हमलों का मुंहतोड़ जवाब देंगे।

भारत की पाकिस्तान से सटी पश्चिमी सीमा और चीन से सटी उत्तरी सीमा पर हालात लंबे समय से संवेदनशील रहे हैं। खासतौर पर 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद सेना ने अपनी आर्टिलरी ताकत को तेजी से मजबूत करने का फैसला लिया। भारतीय सेना ने तब भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड, टाटा पॉवर और लार्सन एंड टुरबो के साथ करीब 2,580 करोड़ रुपए के छह पिनाका रेजिमेंट के लिए समझौता किया था। अब इनका तेजी से उत्पादन और तैनाती की जा रही है। ईरान-अमेरिका जंग में ड्रोन और मिसाइल स्वार्म अटैक की रणनीति देखते हुए सेना ने पिनाका को और अहम हथियार माना है। इस जंग में बड़े पैमाने पर रॉकेट, ड्रोन और प्रिसिजन स्ट्राइक सिस्टम का इस्तेमाल हो रहा है। यही वजह है कि भारत भी अपनी सेना को ऐसे हथियारों से लैस कर रहा है जो एक साथ कई लक्ष्यों को तेजी से निशाना बना सकें।

रिपोर्ट के मुताबिक पिनाका भारत का स्वदेशी मल्टी-बारेल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम है, जिसे डीआरडीओ ने विकसित किया है। इस भारतीय सेना का 'देसी ब्रह्मास्त्र' कहा जाता है, क्योंकि यह कम समय में भारी तबाही मचाने की क्षमता रखता है। यह 122 मिमी रॉकेटों की तुलना में ज्यादा शक्तिशाली और सटीक है। पिनाका 12 रॉकेट एक साथ दाग सकता है और कुछ ही सेकंड में दुश्मन के बड़े इलाके को निशाना बना सकता है। इसकी रेंज 40 से 75 किलोमीटर तक है, जबकि इसके नए गाइडेड वर्जन 120 किमी तक सटीक हमला करने में सक्षम हैं।

आधुनिक युद्ध में छोटे ड्रोन और लो-कॉस्ट मिसाइलें बड़ा खतरा बनकर उभरी हैं। पिनाका का अपग्रेडेड वर्जन ऐसे लक्ष्यों के खिलाफ भी प्रभावी माना जा रहा है। इसकी एक रेजिमेंट में 18-24 लॉन्चर होते हैं, जो मिनटों में सैकड़ों रॉकेट दाग सकते हैं। यह छोटे ड्रोन और क्रूज मिसाइलों के स्वार्म अटैक का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। ईरान की तरह दुश्मन अगर सस्ते ड्रोन और



मिसाइलों से हमला करे तो पिनाका का सैल्वो दुश्मन के लॉन्चर और कमांड सेंटर को पहले ही नष्ट कर सकता है। इसका एक रॉकेट महज कुछ लाख रुपए में आ जाता है, जबकि दुश्मन की महंगी मिसाइल को रोकने वाले सिस्टम करोड़ों में होते हैं।

बता दें ईरान-इजरायल संघर्ष ने यह साफ कर दिया है कि भविष्य के युद्ध पारंपरिक नहीं होंगे, बल्कि टेक्नोलॉजी आधारित होंगे, जहां मिसाइल, ड्रोन और रॉकेट सिस्टम अहम भूमिका निभाएंगे। भारत इसी दिशा में अपनी सेना को तैयार कर रहा है, ताकि किसी भी संभावित खतरे का मुकाबला किया जा सके। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि ईरान की रणनीति देखते हुए भारत ने सही समय पर कदम उठाया है।

# देवलावास से उठी सफलता की गूंज: नोबल स्कूल के छात्रों ने बनाए नए कीर्तिमान

## 98.50' के साथ प्रशांत बने टॉपर, नोबल स्कूल का रिजल्ट रहा शानदार

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बुहाना।**

मंगलवार को घोषित माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10वीं के परिणाम में नोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, देवलावास ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता साबित की है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार अंक प्राप्त कर न केवल स्कूल बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।विद्यालय के छात्र प्रशांत कुमार (निवासी कुशलपुरा) ने 98.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अदिति मान (भिर्र) ने 98 प्रतिशत, कोमल (देवलावास) ने 97 प्रतिशत, लवेश (बासेरी) ने 96.33 प्रतिशत, प्रिया (देवलावास) ने 96.17 प्रतिशत, जतिन कुमार नेहरा (देवलावास) ने 96 प्रतिशत, धर्मेश (कांकड़ा) ने 95.67 प्रतिशत, आलोक शर्मा (कलाखरी) ने 95.17 प्रतिशत तथा आसमां बानू (देवलावास) ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।विद्यालय का समग्र परिणाम भी अत्यंत सराहनीय रहा। कक्षा 10वीं में कुल 179 विद्यार्थियों में से 9 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक तथा 30 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि से स्कूल परिसर सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विद्यालय के निदेशक इंजीनियर संदीप नेहरा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित वातावरण और प्रत्येक छात्र पर व्यक्तिगत ध्यान ही विद्यालय की निरंतर सफलता का आधार है। इस अवसर पर उन्होंने अनुशासन, संस्कार और सफलता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को जीवन में निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस सफलता पर विद्यालय स्टाफ, अभिभावकों और ग्रामीणों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए शुभकामनाएं दीं।



नोबल स्कूल देवलावास के 10वीं कक्षा में उत्कृष्ट रिजल्ट देने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए डायरेक्टर इंजीनियर संदीप नेहरा एवं स्टाफगण

### प्रेरणा बनी मेहनत और समर्पण की कहानी

विद्यालय का यह परिणाम केवल अंक नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है। यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनी है।

### नोबल शिक्षण समूह का निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन

नोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल देवलावास, नोबल शिक्षण समूह का हिस्सा है, जो देवलावास के साथ-साथ पचेरी और बुहाना में भी स्कूल, कोचिंग एवं कॉलेज का सफल संचालन कर रहा है। समूह लगातार शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। डायरेक्टर इंजीनियर संदीप नेहरा ने अपने संबोधित में कहा कि 'शेर के बच्चे दहाड़ना नहीं भूलते और नोबल के छात्र जीतना नहीं छोड़ते '–इस भावना को साकार करते हुए विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक बार फिर सफलता का परचम लहराया है।



प्रशांत कुमार पुत्र रमेश कुमार
अंक 98.50 प्रतिशत



अदिति मान पुत्री अजय सिंह मान
अंक- 98 प्रतिशत



कोमल पुत्री विकास कुमार
अंक- 97 प्रतिशत



लावेश पुत्र सुरेन्द्र कुमार
अंक- 96.33 प्रतिशत



प्रिया पुत्री अनिल कुमार
अंक 96.17 प्रतिशत



धर्मेश पुत्र प्रताप सिंह
अंक 95.67 प्रतिशत



आलोक शर्मा पुत्र अनिल कुमार
अंक- 95.17 प्रतिशत



जतिन नेहरा पुत्र अनिल नेहरा देवलावास
अंक- 96 प्रतिशत



आसमा बानू पुत्री जाबीद अली खान
अंक- 95 प्रतिशत

## महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय खेतडी मे बोर्ड रिजल्ट रहा शानदार

**भीम प्रज्ञा न्यूज.खेतड़ी।**



**हर्ष स्वामी ।** खेतड़ी स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान का रिजल्ट जारी होने पर विद्यालय में स्टाफ बच्चों और अभिभावकों के बीच खुशी का माहौल नजर आया विद्यालय का सभी बोर्ड क्लासेस मे शानदार रिजल्ट रहा विद्यालय प्रधानाचार्य संदीप भगासारा ने बताया कि विद्यालय में कक्षा 10 में यश वर्मा ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किये जिसमें 4 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया तथा 10 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये और 20 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार कक्षा 8 मे 25 में मे से 12 बच्चो ने ग्रेड प्राप्त की और कक्षा 5 मे 25 मे से 22 बच्चो ने ग्रेड प्राप्त की।

## शाहजहांपुर के 'अगुरो' का दबदबा: जोधपुर के बाद अब गाजियाबाद डॉग शो में भी जीता प्रथम स्थान


**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** नीमराना उपखंड के शाहजहांपुर क्षेत्र की प्रतिभाएं अब हर क्षेत्र में अपनी धाक जमा रही हैं। कस्बे के युवा अंतिम मीणा के डॉग 'अगुरो' (Aguro of Pratheeksha) ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। हाल ही में जोधपुर में आयोजित डॉग शो में प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद, अब अगुरो ने गाजियाबाद में आयोजित प्रतिष्ठित 'गाजियाबाद डॉग शो 2026' में भी बाजी मारी है। कल्याणी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 22 मार्च को आयोजित इस प्रतियोगिता में, अगुरो ने अपनी ब्रीड और क्लास-D श्रेणी में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। शो के दौरान अगुरो के अनुशासन और फिजिकल अपीयरेंस ने जजों को काफी प्रभावित किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजक डॉ. राहुल चौधरी और डॉ. दीपक चौधरी ने अंतिम मीणा को विजेता सर्टिफिकेट और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। लगातार मिल रही इस बड़ी उपलब्धि से शाहजहांपुर कस्बे में खुशी का माहौल है और ग्रामीण अंतिम मीणा को बधाई दे रहे हैं।



## मेहनत की जीत: एलबीएस इंटरनेशनल स्कूल का बोर्ड परिणाम रहा ऐतिहासिक

# 98% के साथ प्रियांशी रोहिल्ला बनीं टॉपर, 95% से ऊपर 8 विद्यार्थियों ने मारी बाजी




**भीम प्रज्ञा न्यूज.पचेरी।**

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10वीं के घोषित परिणाम में एलबीएस इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पचेरी बड़ी ने शानदार और ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर शिक्षा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय की छात्रा प्रियांशी रोहिल्ला पुत्री घनश्याम रोहिल्ला ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया तथा अपने माता-पिता व गुरुजनों का मान बढ़ाया। इसके अलावा निशा पुत्री संदीप कुमार 97.83 प्रतिशत, रोहित जांगिड़ पुत्र संजय कुमार जांगिड़ 97.33 प्रतिशत, दिव्या पुत्री सतीश 97 प्रतिशत, वंदना पुत्री जितेंद्र सिंह 96.33 प्रतिशत, लकी पुत्र संजय कुमार 96.17 प्रतिशत, दिव्या पुत्री मुकेश कुमार 95.50 प्रतिशत तथा लोकेश पुत्र अनूप सिंह 95. 33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के डायरेक्टर सुरेश कुमार जांगिड़ ने सभी टॉपर विद्यार्थियों




का सम्मान करते हुए कहा कि एलबीएस स्कूल की परंपरा रही है कि बोर्ड परीक्षा में छात्राएं हमेशा बेहतर प्रदर्शन करती रही हैं। उन्होंने इस परिणाम को विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि यह दिन विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के लिए बेहद खुशी और गर्व का क्षण होता है, जिसका वे लंबे समय से इंतजार करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में रहते हुए भी एलबीएस स्कूल कम फीस में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है और विद्यालय परिवार की



एलबीएस इंटरनेशनल स्कूल पचेरी में 10वीं कक्षा में उत्कृष्ट रिजल्ट देने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित

तरह कार्य करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए समर्पित है।

प्रबंध निदेशक अतुल कुमार जांगिड़ ने बताया कि इस वर्ष टॉपर रहे अधिकांश विद्यार्थी वे हैं जिन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा भी इसी विद्यालय से प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि छोटी कक्षाओं से ही मजबूत शैक्षणिक नींव और शिक्षकों के निरंतर प्रयास का ही परिणाम है कि विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने अभिभावकों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यदि माता-पिता नियमित रूप से बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें और विद्यालय के साथ समन्वय बनाए रखें, तो हर विद्यार्थी बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकता है। विद्यालय प्रशासन, स्टाफ और अभिभावकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह शानदार परिणाम क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बना है। एकेडमिक डायरेक्टर राधा देवी ने सभी टॉपर्स विद्यार्थीयों को साफा व माला पहनाकर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## मेघवाल बस्ती के लोगों का फूटा गुस्सा, 10 साल से विकास कार्य ठप–नगरपालिका को सौंपा ज्ञापन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सिंघाना।**

**हर्ष स्वामी ।** नगर पालिका मंडल सिंघाना के वार्ड नंबर 30 स्थित टोडी मोहल्ला की मेघवाल बस्ती के लोगों ने वर्षों से लंबित समस्याओं को लेकर नाराजगी जताते हुए नगरपालिका प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में हेतराम गोठवाल सहित कई स्थानीय नागरिक शामिल रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले करीब 10 वर्षों से बस्ती की लगातार अनदेखी की जा रही है और इस दौरान विकास कार्यों पर एक रुपये तक खर्च नहीं किया गया। बस्ती की स्थिति बेहद खराब बनी हुई है। यहां की सड़कें पूरी तरह जर्जर हैं, पेयजल संकट गहराता जा रहा है और साफ-सफाई का भी अभाव है। जगह-जगह फैली गंदगी से बीमारियों का खतरा बना हुआ है। वहीं, रास्तों पर अतिक्रमण के कारण आमजन का आवागमन भी बाधित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने इसे प्रशासन की घोर लापरवाही बताते हुए कहा कि यह आमजन के मूल अधिकारों का सीधा उल्लंघन है।



उन्होंने नगरपालिका प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क निर्माण, जल व्यवस्था सुधार, सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने तथा अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

## घीलोठ औद्योगिक क्षेत्र में भीषण आग: दो कंपनियां जलकर खाक, 16 करोड़ का नुकसान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।।**

**रमेशचंद ।** घीलोठ औद्योगिक क्षेत्र में सोमवार देर रात मंगलवार को लगी भीषण आग ने दो कंपनियों को पूरी तरह तबाह कर दिया। इस हादसे में करीब 16 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है, जबकि दोनों कंपनियों के भवन भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। सोमवार रात बसों के एसी बनाने वाली कंपनी ट्रांस एसी एनआर प्रा.लि. में अज्ञात कारणों से आग लग गई, जिसने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। आग इतनी भयंकर थी कि पूरी रात कंपनी का गोदाम, मशीनें, बसों के एसी और अन्य पार्ट्स जलकर खाक हो गए। आग से कंपनी को करीब 13 करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। आग बुझाने के लिए करीब 10 दमकलों को घंटों मशक्कत करनी पड़ी, तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। मंगलवार को दिन के समय पास ही स्थित ओमनी प्लास्ट पैकेजिंग कंपनी में भी आग लग गई। इस आग में स्याही प्रिंटिंग यूनिट, मशीनें और अन्य सामग्री जलकर राख हो गई। यहां करीब 3 करोड़ रुपये के नुकसान का आंकलन किया गया है। अगले दिन प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। स्थानीय लोगों के अनुसार रातभर उठती आग की लपटें दूर-दूर तक दिखाई देती रहीं, जबकि दिन में दूसरी कंपनी से उठता धुआं कई किलोमीटर दूर तक नजर आया। इस घटना के बाद क्षेत्र के उद्यमियों ने रीको औद्योगिक क्षेत्र में दमकलों की संख्या बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से समय रहते निपटा जा सके।



## रोड सेफ्टी अवेयरनेस कैंपेन 'अलर्ट टुडे, अलाइव टुमॉरो ': एस्टेमो इंडिया की सीएसआर पहल, 101 हेलमेट बांटकर दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** एस्टेमो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, नीमराना द्वारा मंगलवार को सड़क सुरक्षा को लेकर एक जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कंपनी की सीएसआर पहल के तहत आयोजित इस अभियान का नाम 'अलर्ट टुडे, अलाइव टुमॉरो' रखा गया, जिसका उद्देश्य आमजन और वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि साइट हेड नोबुहीरो तोजो ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में नीमराना थाना प्रभारी राजेश मीणा, संतोषी होरा (जीएम), विपिन गोयल (एचआर हेड), सत्येंद्र यादव (एचआर), युधिष्ठिर यादव (ईएचएस), विकास चौधरी



(ईएचएस) और शामिकसा (ईएचएस) मौजूद रहे। अभियान के तहत सड़क पर रेडियम टेप लगाकर रात के समय वाहनों की दृश्यता बढ़ाने का प्रयास किया गया। साथ ही दुपहिया वाहन चालकों को 101 हेलमेट वितरित कर उन्हें हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई और तेज गति से वाहन चलाने के खतरों के बारे में जागरूक किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन मॉर्निंग ग्लोरी पब्लिक एसोसाइटी द्वारा किया गया, जिसमें इंचार्ज सलोनी सिंगल, श्याम सुंदर और अतर सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को संदेश दिया गया कि – 'रैश ड्राइविंग इज थ्रिलिंग, बट लीड्स टू किलिंग ', अर्थात तेज गति रोमांचक जरूर है, लेकिन यह जानलेवा साबित हो सकती है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया।

## सूरज स्कूल पलसाना के छात्र छात्रों ने बोर्ड परीक्षा परिणाम में मारी बाजी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पलसाना।**

**पवन कुमार शर्मा ।** सूरज स्मार्ट स्कूल पलसाना में 10ह्वद्ध बोर्ड रिजल्ट परिणाम घोषित होने पर खुशी का जश्न मनाया है। डायरेक्टर अनिल भावरिया ने बताया की? विद्यालय की छात्रा गुंजन बराला 98.50, दिव्यांशु 98.17, जितेंद्र कुमावत 98, रोनक महला 97.67, मानन्या



97.50, अदिति शर्मा 97.33, रणवीर सिंह शेखावत 97.33, रुचिका चौधरी 97.33, हिमांशु कुमावत 97 अमित सेन 96.83, मनीह्यष शर्मा 96. 86, हर्षवर्धन सिंह 96.17, यशु यादव 96, भव्या 95. 83, करण चौधरी 95.17 ने उत्कृष्ट परिणाम हासिल करके गांव का नाम रोशन किया है, इस दौरान विद्यालय स्टाफ छात्र-छात्राऐं आदि मौजूद थे।

# एम.डी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन, चिड़ावा का ऐतिहासिक रिजल्ट: नित्या सैनी 98.33' के साथ टॉपर, 'विजयोत्सव' में झूम उठा परिसर

## 25 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत का आंकड़ा किया पार

भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में एम.डी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन, चिड़ावा ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। संस्थान की छात्रा नित्या सैनी (पुत्री मुकेश सैनी) ने 98.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया और पूरे कस्बे का नाम रोशन किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि से चिड़ावा क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है। विद्यालय ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए प्रभावशाली परिणाम दर्ज किए। इस वर्ष 98 प्रतिशत से अधिक 3 विद्यार्थी, 97 प्रतिशत से अधिक 11 विद्यार्थी, 95 प्रतिशत से अधिक 25 विद्यार्थी (क्षेत्र में सर्वाधिक) तथा 90 प्रतिशत से अधिक 50 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर संस्थान की श्रेष्ठता को सिद्ध किया। टॉपर्स की सूची में प्राची और राजीव (98 प्रतिशत), मोक्ष ओला व प्रियांशी (97.67 प्रतिशत), लक्षिता, पायल, मृदुल शर्मा व योगेश (97.50 प्रतिशत), वितेश (97.33 प्रतिशत), तथा हिमांशु व प्रियांशी (97 प्रतिशत) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं रीतिका, काजल, विधि, दीक्षा, खुशी, अवनी, नेहा, प्रीति, आराध्या, नितिन, नीतू और निधि कंवर सहित अनेक




विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस अभूतपूर्व सफलता के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में भव्य 'विजयोत्सव' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन सुनील कुमार डांगी एवं मैनेजिंग डायरेक्टर समित डांगी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों और शिक्षकों का साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। पूरा परिसर डी.जे. की धुन पर झूमते विद्यार्थियों और स्टाफ के उत्साह से सराबोर नजर आया।

चेयरमैन सुनील कुमार डांगी ने इस शानदार सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई, नवीन शैक्षणिक पद्धतियों और विद्यालय के संस्कारयुक्त वातावरण को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का समर्पण और अभिभावकों का सहयोग ही इस उपलब्धि की मजबूत नींव है। मैनेजिंग डायरेक्टर समित डांगी ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि एम.डी. ग्रुप आगे भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों को छूता रहेगा।



छात्रा नित्या सैनी
अंक 98.33 प्रतिशत

### सफलता बनी प्रेरणा

एम.डी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन का यह परिणाम न केवल संस्थान की गुणवत्ता को दर्शाता है, बल्कि क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन गया है। यह उपलब्धि साबित करती है कि मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# लोहिया स्कूल की 'गोल्डन जुबली- 53 छात्रों के 90' से अधिक अंक, हर्षित और एकता बने चमकते सितारे

भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।



शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले लोहिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने कक्षा 10वीं के बोर्ड परिणामों में एक बार फिर क्षेत्र में अपनी बादशाहत कायम की है। संस्था चेयरमैन रामसिंह नेहरा ने बताया कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपना जलवा दिखाते हुए न केवल संस्थान बल्कि पूरे परिवार का नाम रोशन किया है। संस्थान ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की मिसाल पेश करते हुए आंकड़ों का नया पहाड़ खड़ा किया है: 98 प्रतिशत से अधिक: 03 विद्यार्थी, 97 प्रतिशत से अधिक: 11 विद्यार्थी, 95 प्रतिशत से अधिक: 25 विद्यार्थी अब तक के सर्वाधिक 90 प्रतिशत से अधिक: 50 विद्यार्थी रहें। सफलता की इस दौड़ में आशीष बघारिया (98.17 प्रतिशत), चेतन (98.17 प्रतिशत), आयुषी (97.83 प्रतिशत), हर्षिता अड्रकिया (97.83 प्रतिशत), अरमान (97.16 प्रतिशत), मेघा कुमारी (97 प्रतिशत), प्रियंका (97 प्रतिशत), एंजेल (96.5 प्रतिशत), प्रवेश जाखड़ (96.5 प्रतिशत), सुहानी (96.33 प्रतिशत), भूमिका शर्मा (95.83 प्रतिशत), खुशी फोगाट (95.83 प्रतिशत), आयुष (95.66 प्रतिशत), निखिल कुमार (95.5 प्रतिशत),



पायल (95.5 प्रतिशत), अनु (95 प्रतिशत) एवं प्रीति कुमारी (95 प्रतिशत) ने श्रेष्ठ अंक अर्जित किए। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर निदेशक जगपाल सिंह यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय सिंह बडेसरा, सचिव प्रदीप नेहरा, चेयरपर्सन ममता नेहरा, प्रिंसिपल प्रमोदिनी दुबे एवं



प्रधानाचार्य प्रमिला झाझरिया ने मेधावी छात्र-छात्राओं का अभिनंदन किया। प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय शिक्षकों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन, विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम और अभिभावकों के अटूट विश्वास को दिया। कार्यक्रम में गुलजार खान, पूरणमल गजराज सहित समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

# शिक्षा के क्षेत्र में एम.आर.एस. प्रणामी स्कूल का दबदबा बरकरार: 10वीं बोर्ड में नव्या पायल ने किया टॉप

भीम प्रज्ञा न्यूज./ चिड़ावा।

स्थानीय एम.आर.एस. प्रणामी स्कूल ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की वर्ष 2025-26 की परीक्षा में अपनी गौरवशाली परंपरा को कायम रखते हुए एक बार फिर सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय की होनहार छात्रा नव्या पायल पुत्री विकास पायल ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि संपूर्ण संस्थान का नाम रोशन किया है। वहीं नैतिक फोगाट पुत्र प्रमोद कुमार ने 95.50 प्रतिशत, अमित सुल्तानिया पुत्र पवन सुल्तानिया ने 93.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था का एवं परिवार का नाम रोशन किया। संस्था निदेशक अनिल दाधीच ने परीक्षा परिणामों पर हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि इस वर्ष भी विद्यालय का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है- विद्यालय के 30 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कुल 35 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से



छात्रा नव्या पायल पुत्री विकास पायल

ऊपर अंक प्राप्त कर विद्यालय की साख में चार चाँद लगाए। प्रबंध निदेशक लेफ्टिनेंट आर.डी. शर्मा ने जानकारी दी कि एम.आर.एस. प्रणामी स्कूल पिछले 24 वर्षों



से लगातार 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत (100') परिणाम देने का कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों के कड़े परिश्रम और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन को दिया। शानदार नतीजों की घोषणा के बाद विद्यालय



परिसर में उत्साह का माहौल रहा। संस्था के समस्त स्टाफ ने सफल छात्र-छात्राओं का मुंह मीठा करवाया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अभिभावकों ने भी विद्यालय की अनुशासनप्रिय कार्यशैली और बेहतरीन शिक्षा प्रणाली की सराहना की।

# सरकारी स्कूल का शानदार परिणाम: बामनवास में 96' अंक के साथ पायल बनी अव्वल

भीम प्रज्ञा न्यूज.सूरजगढ़।

क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बामनवास में इस वर्ष कक्षा




10वीं का परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्साहजनक रहा। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल छा गया। विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के चेहरों पर गर्व और संतोष साफ झलक रहा था। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस वर्ष विद्यालय के कुल 21 विद्यार्थियों में से 17 ने प्रथम श्रेणी तथा 4 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त कर उत्कृष्ट परिणाम दिया। यह परिणाम इस बात का प्रमाण है कि सरकारी




विद्यालयों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है और विद्यार्थी निरंतर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। विद्यालय की छात्रा पायल पुत्री राजकुमार ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं छात्रा आशा एवं निकिता ने 86-86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान साझा किया। तीनों छात्राओं की इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सम्मान समारोह के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य सुमन डांगी एवं समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों को साफा व माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने कहा कि सरकारी विद्यालयों के प्रति लोगों की धारणा अब बदल रही है और यहाँ के

विद्यार्थी भी हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे भी इसी प्रकार मेहनत करते रहने और ऊँचे लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने बताया कि विद्यार्थियों की सफलता के पीछे नियमित अध्ययन, शिक्षकों का मार्गदर्शन और अभिभावकों का सहयोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस तरह के परिणाम यह साबित करते हैं कि यदि सही दिशा और मेहनत मिले तो सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी भी किसी से कम नहीं हैं। समारोह के अंत में सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं तथा विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया।

# अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन का गठन

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।



अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष किशन लाल जैदिया व प्रदेश उपाध्यक्ष बोदूराम चंदेलिया की सहमति से अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस लक्ष्मणगढ़ की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसकी नगर अध्यक्ष सुनीता देवी और महामंत्री सुमित्रा देवी को नियुक्त किया गया । इस दौरान लक्ष्मणगढ़ नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी नवनीत कुमावत सहित नगरपालिका के समस्त जमादार और सफाई कर्मचारी उपस्थित रहें।

# पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार में कोलकाता पहुंचे चतुर्वेदी व राठौड़ का एयरपोर्ट पर काबरा के नेतृत्व में प्रवासियों ने किया स्वागत

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।

राजस्थान भाजपा के कद्दावर नेता व राजस्थान वित्त आयोग के अध्यक्ष व राजस्थान भाजपा के पूर्व अध्यक्ष डॉ अरुण चौधरी व राजस्थान के पूर्व नेताप्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ के मंगलवार को कोलकाता पहुंचने पर लक्ष्मनगढ हाल कोलकाता निवासी युवा सामाजिक कार्यकर्ता अंकित काबरा के नेतृत्व में स्वागत किया।

राजस्थान के दिग्गज नेता चतुर्वेदी व राठौड़ पश्चिम बंगाल में



होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की ओर से चुनाव प्रचार अभियान

की कमान संभालने ने जयपुर एयरलाइंस से रवाना होकर कोलकाता पहुंचे जहां काबरा के नेतृत्व में दोनों नेताओं का माल्यार्पण कर व गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित राजस्थानी युवाओं से चुनावी चर्चा परिचर्चा व पश्चिम बंगाल की सियासी स्थित को लेकर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर काबरा के साथ वरूण पचिसिया,विनय जैन, सुमित सिंह,राघव गौरीसरिया सहित तारानगर जयपुर के युवा साथ थे।

# कर्मयोगी सम्मान से नवाजे गए डॉ.प्रभाष नारनोलिया

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।

राजस्थान पत्रिका समूह के संस्थापक कर्पूरचंद्र कुलिश जन्मशती समारोह में पत्रिका समूह ने सामाजिक , सांस्कृतिक व पत्रकारिता के क्षेत्र में अहम और महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले राजस्थान पत्रिका के लक्ष्मनगढ संवाददाता डॉ. प्रभाष नारनोलिया को सीकर मुख्यालय पर आयोजित अभिनंदन समारोह में 'कर्मयोगी




सम्मान' से सम्मानित किया गया। डॉ नारनोलिया को राजस्थान पत्रिका की गौरवशाली यात्रा में सक्रिय सहभागिता तथा उल्लेखनीय सेवा कार्यों के लिए सम्मान से नवाजा गया

है। आयोजित समारोह में सीकर संपादकीय प्रभारी रुद्रेश शर्मा, झुंझुनूं संपादकीय प्रभारी युगलेश शर्मा एवं विज्ञापन विभाग के जोनल हैड कृष्ण कुमार कौशिक ने डॉ. नारनौलिया को माल्यार्पण कर सम्मान पत्र एवं गिफ्ट हैंपर भेंट किया। पत्रकार डॉ. नारनौलिया को मिले सम्मान पर पत्रकार जगत सहित पारिवारिक सदस्यों, शुभचिंतकों, सहयोगियों व समर्थकों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है।

# सिंघाना नगरपालिका के वार्डों के पुनर्गठन में नियमों की अनदेखी का आरोप, कांग्रेस नगर अध्यक्ष ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

भीम प्रज्ञा न्यूज.बुहाना।

नगरपालिका सिंघाना के वार्डों के पुनर्गठन और सीमांकन में भारी अनियमितताओं को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी ने मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को नगर कांग्रेस कमेटी सिंघाना के अध्यक्ष डी.पी. सैनी ने उपखंड अधिकारी (SDM) श्रीमती पूनम मीणा से मुलाकात की और विस्तृत ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की।

### राजपत्र के आंकड़ों और धरातल की स्थिति में अंतर

ज्ञापन में अध्यक्ष डी.पी. सैनी ने आरोप लगाया कि 18 सितंबर 2025 को प्रकाशित राजस्थान राजपत्र (विशेषांक) में दर्शाई गई जनसंख्या और सीमांकन को पूरी तरह दरकिनार कर वर्तमान ड्राफ्ट सूची तैयार की गई



है। उन्होंने बताया कि कई वार्डों में मतदाताओं की संख्या में भारी विसंगति है। राज्य सरकार के नियमों के विपरीत, कहीं मतदाताओं की संख्या 160 से भी कम है, तो कहीं यह आंकड़ा 1190 के पार पहुंच गया है, जो संतुलित गठन के सिद्धांतों के खिलाफ है।

### भौगोलिक निरंतरता को ताक पर रखा

कांग्रेस कमेटी ने शिकायत की है कि 25 से अधिक वार्डों के गठन में भौगोलिक निरंतरता का ध्यान नहीं रखा गया है। विशेष रूप से वार्ड संख्या 22 और अन्य वार्डों में बाहरी क्षेत्र के मतदाताओं को मनमर्जी से जोड़ दिया गया है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि पूर्व में जिला कलेक्टर को भी इस संबंध में अवगत कराया गया था, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। वार्डों का पुनः परिसीमन राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 15' आनुपातिक जनसंख्या सीमा के भीतर किया जाए।केवल वार्ड के वास्तविक भौगोलिक क्षेत्र में रहने वाले मतदाताओं को ही सूची में शामिल किया जाए। पूरे मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कर दोषियों की जिम्मेदारी तय की जाए।

# भाजपा ग्रामीण मण्डल नुआ द्वारा दो दिवसीय 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

## पार्टी के सांगठनिक सुदृढ़ीकरण और विचारधारा पर हुआ गहन मंथन



भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।

**पवन कुमार शर्मा ।** नुआ में भाजपा ग्रामीण मण्डल नुआ द्वारा दो दिवसीय 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन श्री पाली सती दादी गेस्ट हाउस में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण शिविर में पार्टी के सांगठनिक सुदृढ़ीकरण और विचारधारा पर गहन मंथन किया गया। प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला उपाध्यक्ष महावीर ढाका के नेतृत्व में आयोजित किया गया । इस मौके पर वक्ताओं ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति, गौरवशाली इतिहास और विकास की यात्रा के विषय में संबोधित किया। इस अवसर पर ढाका ने बताया कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य मंडल, जिला और प्रदेश स्तर के कार्यकर्ताओं को सुशासन के संकल्प और संगठनात्मक सिद्धांतों से जोड़कर और अधिक ऊर्जावान बनाना है। दो दिवसीय सत्रों में वैचारिक अधिष्ठान, कार्यपद्धति, केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां, सोशल मीडिया व ए.आई. (AI) का उपयोग, नमो एवं सरल ऐप और बूथ प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। मण्डल अध्यक्ष इंद्राज ढाका ने बताया कि ऐसा प्रशिक्षण निश्चित ही कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करेगा और संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। प्रशिक्षण शिविर में मण्डल अध्यक्ष इंद्राज ढाका , मण्डल महामंत्री बृजेश सेवदा सरपंच बहादुरवास व बजरंग पूनिया मीठवास, रामावतार लोयल, राजेंद्र पूनिया,अनिल तिलोटीया, राकेश रणवा ,ओमप्रकाश पूनिया , जयसिंह किलानिया, प्रवीण चौहान, प्रहलाद चौहान, जीवन हुडडा, दयानंद मील ,लेखराम पूनिया,सीताराम शर्मा से सहित भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने दसवीं बोर्ड परीक्षा उच्चतम अंक प्राप्त किया



भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी।

**सुमेर मीणा ।** आदर्श विद्या मंदिर उदयपुरवाटी के विद्यार्थी विनीत सैनी ने 97.17 प्रतिशत तथा हेमंत स्वामी ने 93.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्या मंदिर एवं परिवार का नाम रोशन किया है। संस्था प्रधान महिपाल सिंह ने बताया कि विद्या मंदिर का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। उक्त विद्यार्थी उदयपुरवाटी में टोपर रहे हैं। इन्होंने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम रहने पर आदर्श विद्या मंदिर में विद्यार्थियों को मिठ्ठाई खिलाई, गुलाल लगाकर , पुष्प माला व साफा पहनाकर स्वागत किया तथा पटाखे फोड़े। इस अवसर पर विद्या मंदिर का स्टाफ भी उपस्थित था।

# मुख्यमंत्री विकसित ग्राम/ शहरी वार्ड अभियान को लेकर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

## प्रशिक्षण में ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा, राजीविका कार्यकर्ता ने लिया हिस्सा

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।

**पवन कुमार शर्मा ।** विकसित राजस्थान 2047 के विजन को लेकर मुख्यमंत्री विकसित ग्राम /शहरी वार्ड अभियान (19 मार्च से 15 में तक) के संबंध में ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ,आशा, राजीविका कार्यकर्ता आदि का एक.दिवसीय प्रशिक्षण उपखंड अधिकारी मंडावा मुनेश कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया. प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत स्तरीय टीम द्वारा पोर्टल पर दिए गए सूचकांक को ग्राम सभा से प्राप्त सुझाव व संबंधित विभागों के अधिकारियों व हितधारकों से चर्चा बैठक उपरांत



प्राप्त आंकड़ों/ सुझावों के अनुसार पोर्टल पर डाटा अपलोड किए जाने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई ,अभियान के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत की डायनेमिक प्रोफाइल तैयार की जाएगी जिसके तहत ग्राम पंचायत क्षेत्र में उपलब्ध संसाधनों एवं बुनियादी सुविधाओं का आकलन किए जाने हेतु डेटाबेस निर्माण किया जाएगा. प्रशिक्षण में विकास अधिकारी सीताराम ,सहायक विकास अधिकारी राकेश जानूं सहित समस्त प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# कल होगी भजन संध्या, मशहूर कॉमेडियन एवं फिल्म कलाकार भजन गायक पन्या सेपट,सहित कई नामचीन गायक आयेंगे

भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी।



**सुमेर मीणा** । किशोरपुरा के प्रसिद्ध श्री चामुंडा माता मंदिर में मंगलवार को 27 मार्च को भरने वाले मेले की तैयारियों को लेकर अंतिम रूप दे दिया गया है।। सोमवार की शाम मेले के पोस्टर का विमोचन कार्यक्रम रखा गया। मेला कमिटी के पंकज मीणा किशोरपुरा, अभिजीत सिंह ने बताया कि 26 मार्च गुरुवार को रात्रि 9:15बजे मंदिर पर विराट भजन संध्या आयोजित होगी। जिसमे मशहूर कॉमेडियन एवं फिल्म अभिनेता भजन गायक पन्या सेपट, भजन गायिका सुश्री मंजू गहलोत, मशहूर सिंगर राजस्थानी भजन गायक गोपाल राव एंड पार्टी के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।भजन संध्या में हरियाणा की मशहूर सुखदेव आर्ट ग्रुप सिरसा के द्वारा रासलीला के साथ आकर्षक झाकियां प्रस्तुत की जाएंगी।27 मार्च शुक्रवार को नवरात्रि के अंतिम दिन भव्य मेले का आयोजन रखा गया है। मेले में सुबह 9:15 बजे गांव के श्री रामसागर बालाजी से गांव की परिक्रमा के साथ चामुंडा माता शक्ति पीठ तक कलश यात्रा निकाली जाएगी। दोपहर में हवन की पूर्णाहूति के बाद भंडारे का आयोजन चलेगा। संत महात्माओं की विदाई कार्यक्रम होगा।। सांय 4:15बजे कुश्ती प्रतियोगिता होगी। मेले मे नामचीन घोड़ी ओर ऊंटों का नृत्य कार्यक्रम भी रखा गया है। दो दिवसीय मेले में मंदिर पर अब तक सहयोग करने वाले भामाशाहों एवं वालीयंटरों के साथ ही गांव के सरकारी नौकरियों में चयनित होने वाले एवं उल्लेखनीय सेवा देने वाली प्रतिभावों का सम्मान भी किया जाएगा। मेले को सफल बनाने के लिए मेला कमिटी ने सेवा भावी लोगों को अलग अलग जिम्मेदारिया सौंपी है। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में गांव के कई प्रतिष्ठित लोग शामिल हुए हैं।

# गंदे पानी निकासी की मांग को लेकर आक्रोशित वार्ड 17 के लोगों ने किया ईओ का घेराव सौंपा ज्ञापन

## स्कूली बच्चो ओर मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं, राहगीरों को उठानी पड़ रही है परेशानी

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।



**पवन कुमार शर्मा** । कस्बे के वार्ड 17 में काफी अरसे से मुख्य मार्ग पर घरो से निकलने वाले पानी की समुचित व्यवस्था नही होने के चलते वार्ड के लोगो के साथ साथ स्कूली बच्चो ओर मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। स्थानीय वार्ड के लोगो ओर शिक्षको ने बताया कि स्थानीय प्रशासन को बार बार अवगत करवाने के बाद भी समस्या की ओर ध्यान नही दिया जा रहा है। आम रास्ते पर बनी नालिया सफाई के अभाव में गंदगी से अटी हुई है। रास्ते में बनी नालिया बनाकर छोड़ी गई है जिसका पानी मुख्य मार्ग पर एकत्रित हो रहा है। राजेन्द्र सनोदिया, राकेश सनोदिया ने बताया कि बाल भारती स्कूल के पास मुख्य रास्ते पर 22 फूट का लिंक रास्ता पुरी तरह लोगो ने मिट्टी डालकर अवरूद्ध कर दिया है जिससे सारा पानी सड़क पर जमा हो रहा है। ये रास्ता स्कूल जाने का मुख्य रास्ता हे। प्रतिदिन स्कूली बच्चो को इस रास्ते से ही विद्यालय जाना पड़ता है। बच्चो को अपनी जुराबे, जूते हाथ में लेकर जाने का मजबूर होना पड़ रहा है। कई बार बच्चे गंदे पानी में गिरने से चौटिल भी हो चुके है। पुर्व में भी इस गंदे पानी के भरव की समस्या को लेकर जिला कलेक्टर ने मौके का नीरिक्षण कर स्थानीय ईओ मंडावा को शिघ्र समाधान करने के निर्देश दिए थे। वार्ड के लोगो ने बताया कि पालिका प्रशासन को तो कई बार अवगत करवाया गया है लेकिन स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। वार्ड के लोगो ने एसडीएम को भी इस संबंध में अवगत करवाया गया था। राजेंद्र सनोदिया ने कहा कि प्रशासन की उदासीनता के कारण स्थिति विकट बनी हुई है। उन्होंने कहा कि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो मजबूरन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर नारायण कुमावत, राकेश कुमार, निलेश कुमार,प्रमोद कटारिया, श्रवण मौर्य, भरत कुमार, मंजू देवी, चुकी देवी, शारदा देवी, कौशल्या देवी सहित अनेक वार्ड के लोग उपस्थित थे।

# झड़ाया बालाजी मंदिर पर रामनवमी पर होगा मेले का आयोजन

## मेले की तैयारियों को लेकर मंदिर परिसर पर हुई धर्मसभा

भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी



**सुमेर मीणा** । उपखंड क्षेत्र के झडाया बालाजी मंदिर पर रामनवमी पर आयोजित होने वाले विशाल मेले को लेकर मंदिर परिसर पर विशाल धर्म सभा का आयोजन किया गया द्य मंगलवार को आयोजित होने वाली मीटिंग मेले के संयोजक मदनलाल भावरिया एवं मेला कमेटी अध्यक्ष हनुमान प्रसाद यादव के अध्यक्षता में संपन्न हुई द्य रामनवमी पर मेले का आयोजन मंदिर के महंत महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री सीताराम दास जी महाराज के सानिध्य में आयोजित होगा द्य मंगलवार को संपन्न हुई मीटिंग में मंच संचालन का जिम्मा शेर सिंह बड़सरा, दीपचंद दादरवाल व डॉक्टर रामावतार गजराज को सौपा गया है । स्वागत समिति की जिम्मेदारी मेला समिति संयोजक मदनलाल भंवरिया, मेला कमेटी अध्यक्ष हनुमान प्रसाद यादव एवं सेवानिवृत्ति पीटीआई भगवान सहाय यादव को सौंपी गई है द्य कुश्ती पहलवान चयन समिति में कुंभाराम सामोता, मंगलचंद गुर्जर ,महेंद्र गुर्जर व गुरुदत्त शर्मा को जिम्मेदारी दी गई द्य इसके अलावा भी कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंप गई है मेला कमेटी संयोजक मदनलाल भंवरिया मेला कमेटी अध्यक्ष हनुमान प्रसाद यादव के अनुसार मेले के दौरान ही विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन होगा जिसमें राजस्थान के अलावा देश-विदेश के महिला एवं पुरुष पहलवान कुश्ती दंगल में दांव पेंच दिखाएंगे द्य इस दौरान विकास जांगिड़ ,गोपी राम ,कालूराम कस्वा, रामनाथ , महादेव जांगिड़, जगदीश प्रसाद,गोदाराम बोकण, हनुमान प्रसाद यादव ,दीपचंद दादरवाल, हरनाथ, जगदीश गुर्जर ,आशीष जांगिड़,सुनील जांगिड़,मनीष शेखावत सहित कई लोग मौजूद रहे ।

# केसीसी के नेहरू मैदान में इंटर डिपार्मेंट क्रिकेट टूर्नामेंट में केसीसी ने पीडब्लूडी विभाग को छह विकेट से हराया

भीम प्रज्ञा न्यूज.खेतड़ीनगर।



**हर्ष स्वामी** । केसीसी के नेहरू मैदान में चल रही आठ दिवसीय स्वामी विवेकानंद इंटर डिपार्मेंट डे नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता के दुसरे दिन मंगलवार को पहला मुकाबला एचसीएल,केसीसी एवं पीडब्लूडी विभाग के बीच खेला गया जिसमें एचसीएल,केसीसी की टीम छह विकेट से मैच जीत कर अगले दौर में प्रवेश किया। एसडीएम सुनील चौहान ने बताया कि केसीसी के नेहरू मैदान में स्वामी विवेकानंद इंटर डिपार्मेंट डे नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता चल रही है। मंगलवार को प्रतियोगिता का तीसरा मुकाबला एचसीएल/केसीसी व पीडब्लूडी विभाग के बीच खेला गया। एचसीएल/केसीसी ने टॉस जीत कर फिल्डिंग करने का निर्णय लिया। पीडब्लूडी विभाग की टीम ने पहले बलेबाजी करते हुए अमित के 15 गेंदों में 25 रनों के योगदान से नौ विकेट के नुकसान पर 117 रन बनाएं, जवाब में एचसीएल/केसीसी के विकास कुमार के 16 गेदों पर 41 रन बना कर दाबाद रहते हुए 10.3 ऑवर में चार विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर छह विकेट से मैच जीत लिया। एचसीएल/केसीसी के विकास को 41 रनों पर नोट आउट एंव चार विकेट लेने पर मैन ऑफ दा मैच चुना गया। इसी प्रकार सोमवार देर रात्री को दुसरा मुकाबला शिक्षा विभाग एवं पंचायती राज के साथ खेला गया। शिक्षा विभाग की टीम ने टॉस जीत कर पहले बलेबाजी करते हुए 77 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जवाब में पंचायती राज विभाग के विक्रम ने 14 गेंदों पर 33 रन बनाएं वही संजय ने मात्र चार गेंदों में दो छक्के लगाते हुए 13 रन बना कर नाबाद रहते हुए 6.1 ऑवर में लक्ष्य हासिल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। शिक्षा विभाग के तीन बल्लेबाज ही दो अंको तक पहुंच सके, चार बल्लेबाज तो खाता भी नही खोल पाएं। पंचायतीराज के विकास बड़गुजर ने 18 रन देकर चार विकेट, सुनील कुमार ने सात रन देकर, विकास ने 23 रन देकर दो-दो विकेट लिए। विकास बड़गुजर को मैन ऑफ दा मैच चुना गया।

# राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजवाड़ा का 10वीं परीक्षा परिणाम 100प्रतिशत रहा

भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।



**रमेशचंद** । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजवाड़ा का 10वीं परीक्षा परिणाम 100' रहा, जिसमें छात्रा शिखा पुत्री श्री धर्मपाल माता श्रीमती सुनीता देवी ने सबसे प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिखा ने बोर्ड परीक्षा में 91.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय, अभिभावक और अध्यापक गण को गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रशासन और अध्यापकों ने शिखा को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यालय की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण का फल है। शिखा की इस सफलता से अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि शिखा की इस उपलब्धि से विद्यालय का नाम रोशन हुआ है और हम सभी को गर्व है कि हमारे विद्यालय के छात्र इतनी अच्छी तरह से पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि विद्यालय हमेशा छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और आगे भी इसी तरह से छात्रों को प्रोत्साहित करता रहेगा। शिखा के माता-पिता ने भी विद्यालय प्रशासन और अध्यापकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनकी बेटी की इस उपलब्धि में विद्यालय का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने आगे कहा कि वे अपनी बेटी की इस सफलता से बहुत खुश हैं और उन्हें आगे भी इसी तरह से पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

# परमहंस पीसीपी स्कूल की 'जुगलबंदी': संध्या और वैनवी 98.17' अंकों के साथ बनीं संयुक्त टॉपर

भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।








स्थानीय मंड्रेला रोड स्थित परमहंस पीसीपी स्कूल के विद्यार्थियों ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं की परीक्षा में अपनी मेधा का लोहा मनवाया है। विद्यालय की दो होनहार छात्राओं– संध्या कुमारी और वैनवी मान ने 98.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से संस्था में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। निदेशक विक्रम जांगिड़ ने परीक्षा परिणाम के उत्साहजनक आंकड़ों को साझा करते हुए बताया कि विद्यालय का प्रदर्शन समग्र रूप से उत्कृष्ट रहा है- 98' से अधिकः 02 विद्यार्थी, 95' से अधिकः 12 विद्यार्थी, 90' से अधिकः 38 विद्यार्थी रहें। सफलता की इस सूची में निशांत (97.17'), अनामिका व जितेश (96.67'), अक्षिता (96.17'), अंकित एवं निखिल कुमार (95.83'), असमी (95.33'), सूर्या (95.17') तथा निखिल जांगिड़ व सुप्रिया (95') ने श्रेष्ठ अंक अर्जित कर विद्यालय और अपने अभिभावकों को गौरवान्वित किया है। शानदार परिणाम की खुशी में विद्यालय परिसर में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। निदेशक मनोज कुमार ने उपस्थित विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और मिठाई खिलाकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि टीमवर्क, अनुशासन और ईमानदारी से की गई मेहनत का ही यह सुखद परिणाम है कि संस्था लगातार श्रेष्ठ रिजल्ट देकर क्षेत्र में परचम लहराया।

# ब्लड डोनर संजय दाधीच का हुआ सम्मान

भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।





शहीद दिवस के अवसर पर 23 मार्च 2026 को युवा जनशक्ति फाउंडेशन, चिड़ावा द्वारा राजस्थान शिक्षण संस्थान के खेल मैदान में महा रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रातः 9 बजे हुआ, जिसमें क्षेत्र के युवाओं और समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान महादान के इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर 94 बार रक्तदान कर चुके समर्पित समाजसेवी एवं नियमित रक्तदाता संजय दाधीच का विशेष सम्मान किया गया। यह सम्मान युवा जनशक्ति फाउंडेशन की निकिता थालौर एवं उनकी पूरी टीम द्वारा शिविर के दौरान प्रदान किया गया। संजय दाधीच लंबे समय से न केवल स्वयं नियमित रक्तदान कर रहे हैं, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाते हुए लगातार नए रक्तदाताओं को भी प्रेरित कर रहे हैं। शिविर के दौरान संजय दाधीच ने उपस्थित रक्तवीरों को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए उनके मन में व्याप्त भ्रांतियों को दूर किया। उन्होंने बताया कि रक्तदान करने से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती, बल्कि यह एक सुरक्षित और जीवनदायी प्रक्रिया है। उनके सरल और प्रभावी संवाद से कई नए युवाओं ने पहली बार रक्तदान करने का संकल्प लिया। संजय दाधीच समय-समय पर विभिन्न रक्तदान शिविरों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए एक मजबूत और समर्पित रक्तदाता समूह तैयार कर रहे हैं, जो जरूरतमंदों के लिए हमेशा तत्पर रहता है। उनके निरंतर प्रयासों से क्षेत्र में रक्तदान के प्रति सकारात्मक वातावरण बना है और युवाओं में सेवा भावना का विकास हो रहा है।

कार्यक्रम में निकिता थालौर ने संजय दाधीच के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके जैसे प्रेरणादायी व्यक्तित्व समाज के लिए एक आदर्श हैं। उनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से युवा जनशक्ति फाउंडेशन लगातार नए रक्तदाताओं को जोड़ने में सफल हो रही है। शिविर में बड़ी संख्या में रक्तदाताओं ने भाग लिया और सभी ने रक्तदान को मानवता की सेवा का सर्वोत्तम माध्यम बताते हुए अधिक से अधिक लोगों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की। आयोजन को सफल बनाने में फाउंडेशन की पूरी टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# मैथ्स मैजिशियन' गजपाल सिंह का जलवा- राजकीय विद्यालय ओजटू के 5 विद्यार्थियों ने गणित में हासिल किए 100 में से 100 अंक

भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा



शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और समर्पण की मिसाल पेश करते हुए महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, ओजटू के गणित अध्यापक गजपाल सिंह ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में उनके द्वारा पढ़ाए गए 5 विद्यार्थियों ने गणित विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा और गुरु के मार्गदर्शन का लोहा मनवाया है। राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित गजपाल सिंह के विद्यालय में कार्यभार संभालने के बाद से गणित विषय का डर बच्चों के मन से पूरी तरह निकल गया है। उनके सरल टिप्स और पढ़ाने के अनूठे तरीके का ही परिणाम है कि रिकॉर्ड अंकों की झड़ी लग गई है- सत्र 2022-23: 03 विद्यार्थी (100/100), सत्र 2023-24: 06 विद्यार्थी (100/100), सत्र 2024-25: 05 विद्यार्थी (100/100), सत्र 2025-26: 05 विद्यार्थी (100/100) अब तक इस विद्यालय के कुल 19 छात्र गणित में पूर्ण अंक प्राप्त कर चुके हैं, जो सरकारी विद्यालयों के लिए एक गौरवशाली कीर्तिमान है। गजपाल सिंह केवल शिक्षण तक ही सीमित नहीं हैं। उनके नवाचारों के कारण बालिका शिक्षा के क्षेत्र में उन्हें जिला कलेक्टर द्वारा विशिष्ट पुरस्कार से भी नवाजा जा चुका है। उन्होंने अपनी प्रेरणा से स्थानीय भामाशाहों को जोड़कर विद्यालय में अनेक विकास कार्य भी करवाए हैं, जिससे राजकीय विद्यालय की सूरत बदल गई है। शिक्षक गजपाल सिंह की इस उपलब्धि पर संस्था प्रधान मंजू तोगड़िया सहित समस्त स्टाफ ने उन्हें बधाई दी। विद्यालय प्रशासन ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे समर्पित शिक्षकों के कारण ही राजकीय विद्यालयों के प्रति जन-विश्वास बढ़ा है। गजपाल सिंह की इस सफलता ने साबित कर दिया है कि यदि शिक्षक ठान ले, तो सरकारी स्कूल के बच्चे भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी धाक जमा सकते हैं।

# बिरोल रोड से शामिल होने वाली शोभायात्रा की तैयारी अंतिम चरण की ओर

## कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जा रहा है सतत संपर्क

भीम प्रज्ञा न्यूज.नवागढ़।

रघुनाथ की ढाणी (बिरोल रोड) से प्रतिवर्ष निकलने वाली रामनवमी शोभायात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बिरोल रोड शोभायात्रा के संयोजक, सामाजिक कार्यकर्ता कमल किशोर पंवार ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी चुना- चौक से लेकर बिरोल रोड तक के सभी सनातनियों की भव्य शोभायात्रा बालाजी मंदिर(रघुनाथ की ढाणी) से दिनांक 26 मार्च को,दोपहर 2:30 से प्रारंभ होकर अंबेडकर पार्क, चुना चौक होते हुए रामलीला मैदान पहुंचेगी। बिरोल रोड आयोजन समिति के पीटीआई शयोपाल सैनी और अरविंद आशीवाल ने बताया कि बिरोल रोड के सभी कार्यकर्ता रामनवमी शोभायात्रा की तैयारी में उत्साह से लगे हुए हैं जिसके लिए कार्यकर्ता लगातार घरों में संपर्क कर शोभायात्रा में शामिल होने का न्यौता दे रहे है। इस बार डीजे और भव्य झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिला और पुरुष शामिल होंगे। इस अवसर पर सांगलिया धूणी परंपरा के संत मूलदास महाराज का सानिध्य प्राप्त होगा ।शोभायात्रा की तैयारियों में गुलाब मारोठिया,राजेश मारोठिया , ओमजी हलवाई,नथमल सैनी, मुकेश चेजारा, बीरबल सैनी,बाबूलाल सैनी, मुकेश आशीवाल, नंदलाल दायमा , योगेंद्र सैनी,श्यामलाल तोषावडा,जितेंद्र तोषावडा ,रमेश सैनी , सत्यनारायण पंवार, अनुपम सैनी,किशोर कुमार,प्रकाश सैनी (टेंट वाला)अनिल,सुधीर सैनी, प्रशांत, महेंद्र सैनी (स्काउट गाइड, ट्रेनर), बलराम सैनी,विनीत दायमा सहित काफी कार्यकर्ता लगातार तैयारियों में सहयोग कर रहे है।

# सेवा और परोपकार के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने किया छात्रावास का अवलोकन

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।

सेवा और परोपकार के क्षेत्र में लक्ष्मनगढ में अहम और महत्त्वपूर्ण योगदान देने वाली सामाजिक संस्था लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर सेठों की कोठी से बैरास जाने वाले रास्ते पर निर्माणाधीन महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास लक्ष्मनगढ का अवलोकन किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा, संरक्षक रामनिवास शर्मा, सुभाष चन्द्र जोशी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने छात्रावास के निर्माण कार्य, योजना, लाइब्रेरी,आवास व भोजन व्यवस्था का अवलोकन किया तथा छात्रावास में रहने वाले विधार्थियों से संवाद किया। प्रतिनिधि मंडल ने छात्रावास के विधार्थियों के सरकारी सेवा में चयनित होने पर छात्रावास के संचालक मंडल को बधाई देते हुए व छात्रावास की व्यवस्था व योजनाओं की सराहना की। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा,संरक्षक रामनिवास शर्मा, सुभाष चन्द्र जोशी, प्रकाश पासोरिया, गिरधारीलाल जाजोदिया,प्रभारी राजेंद्र प्रसाद शर्मा, दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रभारी कमल कुमावत, रामपाल कुमावत,पवन कस्वां,लोकित दैया, रोहित दैया, विवेक तंवर, महेंद्र घासोलिया प्रतिनिधि मंडल में शामिल थे। छात्रावास अवलोकन के लिए आएं प्रतिनिधि मंडल का छात्रावास समिति के संयोजक सज्जन कुमार सैनी, डॉ.अशोक सैनी के नेतृत्व में ट्रस्ट प्रतिनिधि मंडल का छात्रावास प्रतिक चिन्ह भेंट कर व मोती माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर महामंत्री महेंद्र कुमार माली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नथमल मावलियों की ढाणी, मंत्री सुशील कुमार सैनी,बाबूलाल सैनी सहित छात्रावास के पदाधिकारी सदस्य व विधार्थी मौजूद थे।

# राजस्थान पब्लिक स्कूल में 'विजयोत्सव': मानसी नायक ने 97.83' अंकों के साथ किया टॉप, विज्ञान में बरसे पूरे अंक

भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।



स्थानीय राजस्थान पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों की घोषणा के बाद विद्यालय परिसर 'विजयोत्सव' के रंग में सराबोर नजर आया। संस्थान के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चिड़ावा क्षेत्र में अपनी मेधा का परचम लहराया है। सफलता की इस खुशी में आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान चेयरपर्सन नीतिका थालौर ने विद्यालय की होनहार छात्रा मानसी पुत्री राकेश कुमार नायक को 97.83 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर माला पहनाकर और गुलाल लगाकर सम्मानित किया। चेयरपर्सन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने और और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय का परिणाम न केवल संख्यात्मक बल्कि गुणात्मक दृष्टि से भी श्रेष्ठ रहा हैः 95' से अधिकः 07 विद्यार्थी, 90' से अधिकः 15 विद्यार्थी, 85' से अधिकः 23 विद्यार्थी, 80' से अधिकः 28 विद्यार्थी रहें। संस्थान के लिए गर्व की बात यह रही कि विज्ञान विषय में विद्यार्थियों ने 100 में से 100 अंक प्राप्त कर अपनी पकड़ साबित की। इस सफलता के पीछे शिक्षक पंकज गजराज, ख्यालीराम सैनी, अशोक जाजम, पवन जांगिड़, राजेंद्र मीणा, सुनील पूनिया और डॉ. विजेंद्र पुनिया का विशेष मार्गदर्शन रहा।

इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षाविद श्रीराम थालौर एवं सचिव संजय थालौर ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। उन्होंने शानदार परिणामों का श्रेय विद्यालय के अनुशासित वातावरण और समर्पित स्टाफ को देते हुए सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में एमडी गोपीचंद जांगिड़, विज्ञान विभागाध्यक्ष कुरडाराम डारा सहित समस्त स्टाफ सदस्य और गौरवान्वित अभिभावक उपस्थित रहे।

# आईसीसीस टी20 इंटरनेशनल रैंकिंग में स्मृति मंधाना का जलवा बरकरार, हरमनप्रीत कौर और दीप्ति शर्मा को फायदा

**दुबई (एजेंसी)।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की मंगलवार को ताजा महिला टी20 रैंकिंग जारी की है। इस रैंकिंग में स्मृति मंधाना ने अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए दूसरे स्थान पर कब्जा बनाए हुए है। वहीं कप्तान हरमनप्रीत कौर और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को भी रैंकिंग में हल्की बढ़त मिली है। हरमनप्रीत कौर आईसीसी महिला टी20 बल्लेबाज की ताजा रैंकिंग में 14वें स्थान पर पहुंच गईं। पहले वह 13वें स्थान पर थीं।

गेंदबाजी में स्पिन ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा एक स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गईं। दीप्ति शर्मा ऑलराउंडर रैंकिंग में भी तीसरे स्थान पर पहुंच गईं। बल्लेबाजी में स्मृति मंधाना के अलावा शैफाली वर्मा टॉप 10 में शामिल दूसरी भारतीय खिलाड़ी हैं। वह छठे नंबर पर काबिज हैं जबकि जेमिमा रोड्रिग्स संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलियाई ओपनर जॉर्जिया वोल पहली बार बल्लेबाजी रैंकिंग के शीर्ष 10 में शामिल हो गईं, जबकि न्यूजीलैंड की स्टार सोफी डिवाइन ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ लगातार दो अर्धशतक की मदद से सूची में दो पायदान ऊपर चढ़कर 18वां स्थान हासिल किया।

वहीं रैंकिंग के इस ताजा अपडेट में वेस्टइंडीज में हुई सीरीज के पहले दो मुकाबलों को भी शामिल किया गया है। इसमें रवांडा की 15 साल की फैनी उटागुशिमानिंदे भी 66वें स्थान पर रैंकिंग में शामिल हो गईं। वह टी20 इंटरनेशनल डेब्यू पर सेंचुरी बनाने वाली पहली महिला और इस फॉर्मेट में शतक लगाने वाली दोनों में से सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई हैं।



## मियामी ओपन जैनिक सिनर ने तीसरे राउंड में जीत के साथ तोड़ा जोकोविच का रिकॉर्ड



**मियामी (एजेंसी)।** इटली के टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने मियामी ओपन में इतिहास रच दिया है। उन्होंने एकतरफा मुकाबले में कोरेंटिन मौटेट के खिलाफ 6-1, 6-4 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ सिनर ने एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर पर लगातार 26 सेट जीतने का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने इस मामले में सर्बिया के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को पीछे छोड़ दिया है। नोवाक जोकोविच के नाम एटीपी मास्टर्स 1000 में लगातार 24 सेट जीतने का रिकॉर्ड था। सिनर ने इससे पहले टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में जीत दर्ज करते हुए जोकोविच के रिकॉर्ड की बराबरी की थी। मैच के बाद उन्होंने कहा कि वे अपनी फॉर्म से खुश हैं और हर मैच में ध्यान बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं। सिनर का यह सिलसिला पिछले नवंबर में पेरिस मास्टर्स से शुरू हुआ था, जहां उन्होंने बिना कोई सेट गंवाए खिताब जीता था। उन्होंने मार्च में भी शानदार फॉर्म को जारी रखा और पैरिबास ओपन में भी अपने दमदार प्रदर्शन को दोहराया। एटीपी की रिपोर्ट के मुताबिक, मियामी में अपनी दो जीत की वजह से सिनर अब लगातार 13 मास्टर्स 1000 मैच जीत चुके हैं। अब उनका अगला मुकाबला अमेरिका के युवा खिलाड़ी एलेक्स मिशेलसन से होगा, जिन्होंने एलेजांद्रो टैबिलो को हराकर अगले दौर में जगह बनाई है। सिनर का लक्ष्य 2017 में रोजर फेडरर के बाद 'सनशाइन डबल' हासिल करने वाले खिलाड़ी बनने का होगा। रैंकिंग की बात करें तो सिनर इस समय वर्ल्ड नंबर 1 की रेस में कार्लोस अल्काराज (स्पेनिश खिलाड़ी) के करीब पहुंचते जा रहे हैं। कार्लोस को रविवार को तीसरे राउंड में सेबेस्टियन कोर्डा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद वह टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं। एक अन्य मुकाबले में अमेरिका के फ्रांसेस टियाफो ने डिफेंडिंग चैंपियन जैकब मेंसिक को कड़े मैच में 7-6(4), 4-6, 7-6(11) से हराया। 28 साल के टियाफो मियामी में पांचवीं बार और 2022 के बाद पहली बार चौथे राउंड में पहुंचे हैं। दुनिया के 20वें नंबर के खिलाड़ी का अगला मैच फ्रांसीसी खिलाड़ी टेरेंस एटमेन से होगा, जिन्होंने कनाडाई टेनिस प्लेयर फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को 6-3, 1-6, 6-3 से हराया था।

## यौन शोषण के आरोपों में घिरा आरसीबी खिलाड़ी आईपीएल2026 से बाहर

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) को इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2026 से पहले एक बड़ा झटका लगा है। फ्रेंचाइजी ने मंगलवार को पुष्टि की कि तेज गेंदबाज यश दयाल निजी कारणों से पूरे टूर्नामेंट से बाहर रहेंगे। दयाल का ट्रेनिंग सेशन से बाहर रहना और टीम बस के पोस्टर पर उनकी तस्वीर का न होना, पहले ही उनके बाहर होने की अफवाहों को हवा दे चुका था। कई लोग सोच रहे थे कि आखिर यह गेंदबाज है कहां। अब RCB के क्रिकेट डायरेक्टर, मो बोबाट ने उनके बाहर होने से जुड़े सभी संदेहों को दूर कर दिया है।

बोबाट ने यह भी कहा कि भले ही दयाल टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले रहे हैं, फिर भी वह टीम के कॉन्ट्रैक्ट का हिस्सा बने रहेंगे। टीम मैनेजमेंट इस मुश्किल समय में भी खिलाड़ी का पूरा साथ देता रहेगा। उन्होंने कहा, 'तो, मैं बस यह पुष्टि करना चाहता हूं कि यश टीम के साथ नहीं जुड़ेंगे। जैसा कि आप जानते हैं, वह इस समय एक निजी मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। मैं यह भी साफ कर देना चाहता हूं कि हमने अब तक यश का पूरा साथ दिया है। इस बात का सबूत यह है कि जब हमारे पास खिलाड़ियों को रिटेन करने या रिलीज़ करने का विकल्प था, तब भी हमने यश को रिटेन किया था।'

उन्होंने आगे कहा, 'हम उन्हें रिटेन करना चाहते थे। वह अभी भी कॉन्ट्रैक्ट के तहत हैं और आने वाले कुछ समय तक कॉन्ट्रैक्ट में ही बने रहेंगे। हम उनसे लगातार संपर्क में हैं। मैंने आज उनसे पहले भी बात की थी, लेकिन यह तय किया गया है कि इस समय उनका हमारे साथ जुड़ना न तो उनके अपने हित में है और न ही फ्रैंचाइजी के हित में। हमारा समर्थन उनके साथ बना रहेगा, और वह अभी भी हमारे साथ कॉन्ट्रैक्ट में हैं; जैसे-जैसे वह अपनी निजी मुश्किलों से गुज़रेंगे, हम उनसे बातचीत जारी रखेंगे।'

दयाल, जिन्होंने हाल ही में एक निजी समारोह में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर श्वेता पुंडीर से शादी की है, पिछले कुछ समय से कई बड़े विवादों के केंद्र में रहे हैं। कुछ महीने पहले उन्हें अग्रिम जमानत देने से मना कर दिया गया था क्योंकि वह एक ऐसे मामले में शामिल थे जिसमें उन पर कथित तौर पर एक नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार करने का आरोप था। यह विवाद जुलाई 2025 में तब शुरू हुआ, जब उन पर शादी का झांसा देकर एक महिला का कथित तौर पर शोषण करने का आरोप लगाते हुए एक मुकदमा दायर किया गया। बाद में जयपुर में उनके खिलाफ POSCO एक्ट के तहत एक और मामला सामने आया। इस बीच, RCB IPL 2026 में अपने अभियान की शुरुआत 28 मार्च को बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) के खिलाफ करेगी।

## हम केवल शामिल होने नहीं खिताब जीतने उतरेंगे : शुभमन

**–अपने पर भरोसा होने के कारण बने रहते हैं शांत**

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबलों में कठिन हालातों में भी शांत बने रहते है। शुभमन से जब इसका राज पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें अपने पर भरोसा है इसलिए व धैर्य से अपने अनुसार खेलते रहते हैं। इसके अलावा उन्हें अपनी टीम के साथ सुरक्षित महसूस होता है। गुजरात ने एक बार खिताब जीता है जबकि एक बार वह उपविजेता रही है ऐसे में अब शुभमन का लक्ष्य टीम को इस बार जीत दिलाना रहेगा। उनका कहन है कि हम केवल भाग लेने नहीं जीतने के इरादे से उतरेंगे।



गिल ने में कहा, 'मैं स्वयं जैसा हूं और मेरे खेल और अपने समूह में जो विश्वास और सुरक्षा है, उसी से मेरे खेल में संयम आता है।' गुजरात टाइटंस की टीम अपना पहला मुकाबला 31 मार्च को गत उपविजेता पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलेगी। उसके बाद उसे 4 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलना है।

शुभमन ने कहा, 'किसी भी हालात में शांत रहने से ही खेल आगे बढ़ने पर जीत की संभावना बनी रहती है।।' उन्होंने कहा कि मुख्य कोच आशीष नेहरा से उन्हें ये सीखने को मिला है।

पिछले सत्र में गुजरात को एलिमिनेटर मुकाबले में मुंबई इंडियंस से हार का सामना करना पड़ा था। नेहरा ने कहा कि इस बार उनका ध्यान केवल खिताब जीतने पर रहेगा। उन्होंने कहा, 'इस सत्र में अलग तरह से सोचने की जरूरत नहीं है। वास्तव में, मुझे सोचने की जरूरत नहीं है, खिलाड़ी सोचते हैं। उन्हें खेलना है, मैं बाहर बैठा हूं।'

नेहरा ने कहा, 'पहले दिन से हमारी नीति साफ है। हम केवल शामिल होने नहीं जीतने के लिए यहां हैं। एक नई टीम के लिए यह सोचना आसान होता है कि इसमें समय लगेगा पर हमारा कभी भी ऐसा रवैया नहीं रहा।' गुजरात के लिए सकारात्मक पक्ष आशीष नेहरा जैसा कोच होना है जो टीम को लगातार बेहतर करने प्रेरित करते रहते हैं।

## लखनऊ सुपर जायंट्स अपना पहला खिताब जीतने के इरादे से उतरेगी

**–मध्यक्रम के कमजोर होने से शीर्ष क्रम पर रहेगा दबाव**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल के इस सत्र में ऋषभ पंत की कप्तानी में लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम जीत के इरादे से उतरेगी। टीम अपने पिछले सत्र की गलतियों से सीखते हुए अपना पहला खिताब हासिल करना चाहेगी। टीम के लिए जीत दर्ज करना आसान नहीं रहेगा। इसका कारण है कि उसका मध्यक्रम कमजोर है हालांकि शीर्ष क्रम के साथ ही तेज गेंदबाजी अच्छी है। पिछले सत्र में टीम 14 में से केवल 6 ही मैच पायी थी और प्लेऑफ में भी नहीं पहुंच थी। इस बार प्रशंसकों को टीम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। निकोलसन पूरन और एडेन मार्करम के होने से लखनऊ का शीर्ष क्रम अच्छा है। मार्श और मार्करम ने पिछले सत्र में भी काफी बेहतर प्रदर्शन किया था पर टीम के मध्य क्रम में कमजोरी नजर आती है। ऐसे में कप्तान ऋषभ के ऊपर जिम्मेदार बढ़ जाती है। उन्हें देखना होगा कि किस प्रकार टीम अधिक से अधिक रन बनाये। उनका साथ आयुष बदोनी, अब्दुल समद और शाहबाज अहमद जैसे बल्लेबाज देंगे। होगा। वहीं दक्षिण अफ्रीका के उभरते हुए बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीत्जके से भी लखनऊ टीम को आईपीएल 2026 में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।

लखनऊ का मजबूत पक्ष उनकी अच्छी तेज गेंदबाजी है। उसके पास आवेश खान, मोहम्मद शमी, मयंक यादव और एनरिक नॉर्टजे जैसे बल्लेबाज हैं। युवा मोहसन खान और प्रिंस यादव पर भी लोगों की नजरें रहेंगी। स्पिन बॉलिंग की जिम्मेदारी दिग्वेश राठी के पास होगी। दिग्वेश ने पिछले सीजन अपनी गेंदबाजी से काफी प्रभावित किया था। लखनऊ को उम्मीद करनी होगी की श्रीलंकाई स्पिनर वानिंदु हसरंगा फिट हो जायें।। हसरंगा अगर पूरी तरह से फिट हो जाते हैं, तो टीम को काफी लाभ होगा।

## वैभव सफल रहे तो रॉयल्स की जीत तय : अश्विन

मुम्बई । दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि अगर वह बड़ी पारी खेलता है तो राजस्थान रायल्स को जीत मिलनी तय है। वैभव ने गत वर्ष अपने पहले ही सत्र में आक्रामक बल्लेबाजी से सबको हैरान कर दिया था। अब उम्मीद है कि इस नये सत्र में वह और भी बेहतर बल्लेबाजी करेगा। वैभव ने अंडर–19 विश्वप में भी कई अच्छी पारियां खेली थीं जिससे भी उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। ऐसे में अश्विन कहा कहना है कि वैभव रॉयल्स के लिए किसी एक्स फैक्टर की तरह रहेगा। ऐसे में अगर वह क्रीज पर टिक गया तो रॉयल्स को बढ़े स्कारे स रोकना कठिन हो जाएगा। वैभव ने आईपीएल के अपने पहले सत्र में सात मैचों में 252 रन बनाते हुए 200 से अधिक के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाज़ी की थी। इससे उनकी आक्रामक शैली का अंदाज होता है। सबसे खास बात यह रही कि उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ सिर्फ 35 गेंदों में शतक लगाया था। वह IPL इतिहास में सबसे तेज़ शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज़ हैं। अश्विन के अनुसार वह इस सीज़न में रॉयल्स के लिए मैच में अंतर ला सकते हैं। साथ ही कहा कि वह अभी अपने करियर के शुरुआती दौर में है, इसलिए उस पर ज़रूरत से ज़्यादा दबाव डालना सही नहीं होगा।

## अभी टीम के लिए काफी कुछ करना चाहता हूं : स्टोक्स

**जून में क्रिकेट सत्र शुरू होने के बाद बेहतर प्रदर्शन रहेगा लक्ष्य**

लंदन। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज में टीम की करारी हार के बाद भी कप्तान बेन स्टोक्स और ब्रेंडन मैकलम को उनके पद पर बनाये रखा है। इससे पहले माना जा रहा था कि एशेज सीरीज में मिली 4–1 की हार के बाद कोच और कप्तान को को हटा दिया जाएगा। वहीं बोर्ड से मिले समर्थन



से उत्साहित स्टोक्स ने कहा है कि वह वह अभी टीम के लिए काफी कुछ करना चाहते हैं। जून में क्रिकेट सत्र शुरु होने के बाद उनका लक्ष्य और भी बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा। स्टोक्स ने सोशल मीडिया में जारी एक बयान में, ' इंग्लैंड के क्रिकेट प्रशंसकों देश का कप्तान होना किसी भी खिलाड़ी के लिए सबसे बड़ा सम्मान होता है जिसे वह हल्के मैं इसे हल्के में नहीं लेते। साथ ही कहा कि कप्तानी करते हुए अच्छे और खराब दोनों ही प्रकार के अवसर आते हैं। इसमें कभी खुशी और कमी गम भी मिलता है। खेल आपको पूरी तरह से अपने अंदर समा लेता है और कभी–कभी ऐसा लगता है कि आपकी ज़िंदिगी में बस यही एक चीज़ है।' उन्होंने माना, पिछले 3 महीने मेरी कप्तानी के सफर का सबसे कठिन समय रहा है, इसने मुझे कई अलग–अलग तरीकों से परखा है और मुझे भरोसा है कि हर दूसरा कप्तान भी इससे गुजरा होगा। इसके बाद भी मैकलम, रॉब की और मुझमें इस टीम को आगे ले जाने का जुनून और इच्छा है, हम आपको वह सब कुछ देंगे जो हमारे पास है, हम जानते हैं कि हमने रास्ते में गलतियां कीं और हमने उन गलतियों से काफी कुछ सीखा है, आप सफलता से ज्यादा असफलताओं से सीखते हैं। उन्होंने आगे कहा, मैंने अपने बारे में बहुत कुछ सीखा है पर सबसे जरूरी बात जो मैं प्रशंसकोंको बताना चाहता हूँ वह यह है कि मुझे क्रिकेट बहुत पसंद है, मुझे यह टीम बहुत पसंद है, मुझे इंग्लैंड का कप्तान बनना बहुत पसंद है और मुझे इस भूमिका में देने के लिए बहुत कुछ है और मैं बहुत खुश हूं कि मुझे कप्तानी का अवसर मिला।

## बीसीसीआई ने आईपीएल के लिए जारी किये दिशा निर्देश

**–सभी खिलाड़ियों को करना होगा पालन**

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल 2026 के लिए नये दिशा निर्देश जारी किये है। बोर्ड ने ये कदम इसलिए उठाया है जिससे खिलाड़ियों की मनमानी पर रोक लगायी जा सके। बीसीसीआई ने अपने नए आदेश में कहा है नये नियमों का पालन सभी को करना होगा। इसके तहत अब हर टीम के खिलाड़ी केवल टीम बस में ही यात्रा कर सकेंगे। इसके अलावा मैच के दिन किसी भी अभ्यास सत्र की अनुमति नहीं दी जाएगी। एक रिपोर्ट के अनुसार, बोर्ड ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भी अलग इंतजाम किया है, जहां टीमों को मेन चौक के दोनों तरफ अभ्यास के लिए दो-दो विकेट दिए जाएंगे। इस दौरान कोई भी टीम विरोधी टीम को दिए गए अभ्यास विकेट का इस्तेमाल नहीं कर सकेगी। टीम मैनेजर्स को नये दिशा निर्देशों की प्रति भेज दी हैं।



इसमें कहा गया है कि टीमों को प्रैक्टिस एरिया में 2 नेट और मेन स्क्वायर पर 1 साइड विकेट मिलेगा, जहां वे रेंज हिटिंग कर सकें। मुंबई वेन्यू के लिए, अगर दोनों टीमें एक ही समय पर अभ्यास कर रही हैं, तो हर टीम को 2 पिचें मिलेंगी। वहीं कोई भी ओपन नेट अलाउड नहीं होगा। अगर कोई टीम अपना अभ्यास जल्दी खत्म भी कर लेती है तब भी दूसरी टीम को उस पिच का इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं होगी। मैच के दिनों में किसी अभ्यास की अनुमति नहीं होगी।मैच वाले दिन मेन चौक पर कोई फिटनेस टेस्ट नहीं होगा। अभ्यास के दौरान केवल मान्यता प्राप्त स्टाफ को ड्रेसिंग रूम और फील्ड ऑफ प्ले में आने की अनुमति रहेगी। खिलाड़ी के परिवार के सदस्य और दोस्त अलग गाड़ी में सफर कर सकते हैं और हॉस्पिटैलिटी एरिया से टीम का अभ्यास देख सकते हैं। एक्सटेंडेड सपोर्ट स्टाफ (थ्रो डाउन स्पेशलिस्ट/नेट बॉलर) के लिए सूची बोर्ड को मंजूरी के लिए भेजनी होगी। मंजूरी मिलने के बाद, नॉन-मैच डे एक्रेडिटेशन जारी किए जाएंगे। खिलाड़ी अभ्यास के लिए आते समय टीम बस का इस्तेमाल करेंगे। टीमें दो बैच में सफर कर सकती हैं।

इसके अलावा मैच के दिन के लिए भी दिशा निर्देश जारी किये गये हैं।

प्लेयर एंड मैच ऑफिशियल्स एरिया से मान्यता प्राप्त स्टाफ के लिए मैच वाले दिन अपना एक्रेडिटेशन लाना जरूरी है। पहली बार एक्रेडिटेशन न लाने पर चेतावनी दी जाएगी। दूसरी बार, टीम पर पैसे का जुर्माना लगाया जाएगा। हिटिंग नेट देने के बाद भी, खिलाड़ी एईडी बोर्ड पर हिट करते रहते हैं जिसकी अनुमति नहीं रहेंगी। खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ एलईडी बोर्ड के सामने न बैठें। लाड़ी ऑरेंज और पर्पल कैप पहनेंगे। प्रेजेंटेशन में फ्लॉपी और स्लीवलेस जर्सी पहनने की इजाजत नहीं है। ऐसा न करने पर पहली बार में चेतावनी दी जाएगी। दूसरी बार, पैसे का जुर्माना लगेगा। मैच के दिनों में केवल 12 एक्रेडिटेड सपोर्ट स्टाफ को ही इजाज़त होगी, जिसमें टीम डॉक्टर भी शामिल हैं। जर्सी नंबर में बदलाव की जानकारी एकदिन पहले देनी होगी।

## पाकिस्तान के फरहान को आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड मिला

दुबई । हाल में हुए टी20 विश्वकप में शानदार प्रदर्शन करने वाले पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने फरवरी माह का आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड दिया है। इसी के साथ ही फरहान नवंबर 2024 में हारिस रऊफ के बाद यह अवॉर्ड जीतने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं। फरहान ने दो शतक के साथ ही आईसीसी टी20 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। वह टूर्नामेंट के इतिहास में एक ही सत्र में दो शतक लगाने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं। फरहान इस पूरे टूर्नामेंट में पाक की ओर से रन बनाने वाले अकेले खिलाड़ी रहे। उन्होंने नामीबिया के खिलाफ ग्रुप स्तर के मुकाबले के अलावा श्रीलंका के खिलाफ शतक लगाया था। फरहान ने टूर्नामेंट में सबसे अधिक कुल 383 रन बनाये। उन्होंने कहा, 'आईसीसी टी20 विश्व कप में अवॉर्ड जीतना एक सुखद अहसास है। दुनियाभर के प्रशंसकों ने इससे देखा था जिससे इसमें अवार्ड जीतना खास रहा है।'

## अलेक्जेंडर ओवेचकिन ने आईस हॉकी में अपना एक 1000वां गोल दागा



वॉशिंगटन। वॉशिंगटन कैपिटल्स के अलेक्जेंडर ओवेचकिन रविवार को एनएचएल के रेगुलर सीजन और प्लेऑफ, दोनों को मिलाकर एक हजार गोल करने वाले दूसरे पुरुष आइस हॉकी खिलाड़ी बन गए। 40 साल के इस खिलाड़ी ने लीग में सबसे आगे चल रही टीम, कोलोराडो एवलांच के खिलाफ मैच के तय समय में 5-43 मिनट बाकी रहते हुए, एक पावर प्ले के दौरान यह ऐतिहासिक गोल किया। लेकिन इसके बावजूद वॉशिंगटन अतिरिक्त समय में 3–2 से हार गया। यह इस सीजन में ओवेचकिन का 26वां रेगुलर–सीजन गोल था और उनके करियर का कुल 923वां गोल था, जिससे उनका रिकॉर्ड और भी मजबूत हो गया। यह उपलब्धि उस समय के लगभग एक साल बाद हासिल हुई है, जब इस महान आइस हॉकी खिलाड़ी ने एनएचएल के इतिहास में सबसे ज़्यादा गोल करने के मामले में वेन ग्रेट्स्की को पीछे छोड़ दिया था। तीन बार के ओलंपियन ओवेचकिन अब ग्रेट्स्की के कुल एनएचएल गोलों के रिकॉर्ड के और भी करीब पहुंच गए हैं। इस महान कनाडाई खिलाड़ी ने अपने करियर का समापन कुल 1,016 एनएचएल गोलों के साथ किया था- जिनमें से 894 गोल रेगुलर सीजन में और 122 गोल प्लेऑफ में किए गए थे। प्लेऑफ में किए गए गोलों का यह रिकॉर्ड आज भी ग्रेट्स्की के नाम पर ही दर्ज है। वॉशिंगटन कैपिटल्स को अभी रेगुलर सीजन के 11 मैच और खेलने हैं, और फिलहाल उनका रिकॉर्ड 35–27–9 का है। एलेक्स ओवेचकिन ने वेन ग्रेट्स्की के 31 साल पुराने एनएचएल करियर गोलों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

## थॉमस कप में भारतीय अभियान की अगुवाई करेंगे ऑल-इंग्लैंड के उपविजेता लक्ष्य सेन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑल इंग्लैंड टूर्नामेंट में उपविजेता रहे लक्ष्य सेन अगले महीने होने वाले थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय पुरुष टीम की अगुवाई करेंगे जबकि पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु और उभरती हुई स्टार उन्नति हुड्डा उबर कप में भारतीय चुनौती पेश करेंगे।

भारतीय बैडमिंटन संघ ने 2022 में थॉमस कप में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाली टीम के खिलाड़ियों को काफी हद तक बरकरार रखा है। उसने 24 अप्रैल से तीन मई तक डेनमार्क के होर्सेंस में होने वाली प्रतियोगिता के लिए सेन, किदांबी श्रीकांत, एचएस प्रणय तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी को टीम में बनाए रखा है। युवा शटलर आयुष शेट्टी को सीनियर स्तर पर लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद पहली बार टीम में जगह मिली है।

पुरुष टीम में 2022 की खिताब विजेता टीम के सदस्य एमआर अर्जुन की भी वापसी हुई है, जिन्होंने चोट से उबरकर नए खिलाड़ी हरिहरन अमसाकरुनन के साथ युगल टीम में जगह बनाई है। 2022 की युगल टीम के सदस्य ध्रुव कपिला भी टीम का हिस्सा हैं जबकि किरण जॉर्ज एकल में अतिरिक्त मजबूती प्रदान करेंगे। उबर कप में 2019 की विश्व चैंपियन सिंधु, शीर्ष युगल जोड़ी गायत्री गोपीचंद और ट्रीसा जॉली के साथ मिलकर भारत की चुनौती का नेतृत्व करेंगी।

भारतीय टीम पिछली बार सेमीफाइनल तक पहुंची थी और उसका लक्ष्य इस बार अपने इस प्रदर्शन में सुधार करना होगा। उन्नति हुडा के साथ देविका सिहाग, इशारानी बरुआ और किशोरी तन्वी शर्मा जैसी युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी टीम में शामिल है। भारतीय बैडमिंटन संघ ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'टीम का चयन 10 मार्च तक की बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग के आधार पर किया गया है, जिसमें शीर्ष पांच एकल खिलाड़ी और शीर्ष दो युगल जोड़ियां शामिल हैं। टीम संयोजन को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है, जिनमें ध्रुव कपिला और तनीशा क्रास्टो जैसे खिलाड़ियों को युगल में उनके अनुभव के कारण टीम में जगह मिली है।'



भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा, 'हमारी दोनों टीमों में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। सीनियर खिलाड़ी स्थिरता लाते हैं और युवा खिलाड़ी शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने दिखाया है कि वे इस स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं, जिससे हमें टूर्नामेंट में उतरने से पहले आत्मविश्वास मिलता है।' उन्होंने कहा, 'महिला टीम में देविका सिहाग का चयन इस साल की शुरुआत में थाईलैंड मास्टर्स में खिताब जीतने के बाद हुआ है, जबकि इशारानी बरुआ ऑरलियन्स मास्टर्स में सेमीफाइनल तक पहुंचने के बाद टीम में शामिल हुई हैं। तन्वी शर्मा और उन्नति हुड्डा का खेल लगातार बेहतर होता जा रहा है।'

**भारतीय टीम इस प्रकार है**

**पुरुष :** लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी, किदांबी श्रीकांत, एच.एस. प्रणय, किरण जॉर्ज, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी, चिराग शेट्टी, हरिहरन अम्सकरुनन, एम. आर. अर्जुन, ध्रुव कपिला।

**महिला:** पीवी सिंधु, उन्नति हुडा, तन्वी शर्मा, देविका सिहाग, इशरानी बरुआ, ट्रीसा जॉली, गायत्री गोपीचंद पुलेला, कविप्रिया सेल्वम, सिमरन सिंघी, तनीषा क्रास्टो।

## सैफ अंडर20 चैम्पियनशिप के लिए भारतीय टीम मालदीव पहुंची, पाकिस्तान से होगा पहला मैच



माल। भारत की अंडर 20 पुरूष फुटबॉल टीम सैफ चैम्पियनशिप में भाग लेने यहां पहुंच गई है और पहले मैच में बृहस्पतिवार को पाकिस्तान से खेलेगी। इस मैच के बाद ग्रुप बी में भारतीय टीम का सामना 28 मार्च को बांग्लादेश से होगा । दोनों मैच नेशनल स्टेडियम में खेले जाएंगे। ग्रुप ए में मालदीव, श्रीलंका, नेपाल और भूटान की टीमें हैं। दोनों ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी जो एक अप्रैल को होगा। फाइनल तीन अप्रैल को खेला जाएगा। भारत के अंडर 20 मुख्य कोच महेश गवली ने कहा, 'यह काफी अहम और प्रतिष्ठित टूर्नामेंट है। सभी टीमें काफी प्रतिस्पर्धी है और हमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।'

**भारतीय टीम –** गोलकीपर : अल्साबित एसटी, प्रणव सुंदरमन, सूरज सिंह

डिफेंडर : बूंगसोन सिंह टी, जोडरिक अब्रांचेस, करीश सोराम, मालेमंगांबा सिंह थोकचोम, मोहम्मद कैफ, रोशन सिंह थांगजाम, उशाम सिंह, याइफारेम्बा चिंगाखाम

मिडफील्डर : अनिकेत यादव, डैनी मेतेइ लैशराम, गुरनाज सिंह ग्रेवाल, मोहम्मद अरबाश, रिषिकांता मेतेइ लैशराम, रिषि सिंह एन

फॉरवर्ड - उमंग दोडुम, प्रशान जाजो, रोहेन सिंह, विशाल यादव, सैमसन ए, तनबीर डे



# डबल हीरो पीरियड ड्रामा फिल्म है धनुष की 'वेलपारी'

साउथ इंडस्ट्री में इन दिनों चर्चा है कि निर्देशक एस शंकर सा अपनी लंबे समय से अटकी ऐतिहासिक परियोजना 'वेलपारी' के लिए धनुष से संपर्क में हैं। हालांकि दोनों पक्षों की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इंडस्ट्री सूत्रों का दावा है कि डेट्स और अवेलिबिलिटी को लेकर शुरुआती स्तर पर बातचीत संभव है।

### दो हीरो वाले नैरेटिव में मेकर्स रचेंगे बड़ा कैनवास

'वेलपारी' को शंकर का ड्रीम प्रोजेक्ट माना जा रहा है और इसे एक डुअल-हीरो पीरियड ड्रामा के रूप में डेवलप किया जा रहा है। इससे पहले रिपोर्ट्स में विक्रम और रणवीर सिंह के नाम प्रमुख पात्रों के लिए सामने आए थे, लेकिन बात आगे नहीं बढ़ी। अब चर्चा है कि शंकर ने धनुष की डेट्स के बारे में जानकारी ली है, जिससे अटकलें और तेज हो गई हैं। हाल ही में शंकर, धनुष की फिल्म 'डी55' के पूजा समारोह में शामिल हुए थे। 'DSS' को प्रोड्यूस कर रहे बैनर आर टेक स्टूडियोज, 'वेलपारी' को लेकर शंकर से बातचीत में हैं। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

### 'वीर युग नायकन वेलपारी' पर आधारित है कहानी

शंकर की यह फिल्म फेमस नॉवेल 'वीर युग नायकन वेलपारी' पर आधारित है, जिसे लेखक सु वेंकटेशन ने लिखा है। यह नॉवेल प्राचीन तमिल शासक वेलपारी के जीवन, शौर्य और अद्भुत दानवीरता का वर्णन करती है।

शंकर पहले भी सार्वजनिक मंचों पर नॉवेल के प्रति अपनी गहरी इच्छा जता चुके हैं और इसे 'गेम ऑफ थ्रोन्स' और 'अवतार' जैसे भव्य स्तर पर बनाने की इच्छा व्यक्त कर चुके हैं। दूसरी ओर, धनुष हाल ही में 'तेरे इश्क में' में नजर आए थे और अब 'कारा' की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। उनकी आगामी फिल्मों में 'डी55', 'डी56' और 'कलाम: द मिसाइल मैन और इंडिया' शामिल हैं। ऐसे में अगर 'वेलपारी' पर मुहर लगती है तो यह तमिल सिनेमा के सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट्स में से एक हो सकती है।




# थ्रिलर जैसे जॉनर में काम करना आसान नहीं होता




गुड़ी पड़वा का त्योहार महाराष्ट्र में धूमधाम से मनाया जाता है। यह त्योहार नए साल के स्वागत का प्रतीक है और नई उम्मीदें लेकर आता है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर कोई इस दिन की खुशियों का हिस्सा बनता है। इस कड़ी में अभिनेत्री स्नेहलता वसईकर ने बातचीत में गुड़ी पड़वा के महत्व और अपने निजी अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि यह त्योहार उनके दिल के बहुत करीब है। बचपन में सुबह जल्दी उठकर गुड़ी लगाने की परंपरा, पारिवारिक मिलन और त्योहार की तैयारियां उनकी सबसे प्यारी यादें हैं।

स्नेहलता ने कहा, ''गुड़ी पड़वा मुझे नए साल की नई उम्मीदें देता है। इस साल मेरे लिए गुड़ी पड़वा और भी खास है, क्योंकि यह पेशेवर रूप से मेरे लिए एक नया चरण लेकर आया है। मैं जल्द ही थ्रिलर शो 'वशीकरणम' में मुख्य किरदार सुमन के रूप में नजर आने वाली हूं। यह किरदार मेरे लिए चुनौतीपूर्ण और रोमांचक दोनों है।'' स्नेहलता ने कहा, ''गुड़ी पड़वा की तरह हर नई शुरुआत जीवन में सकारात्मक बदलाव और नए अवसर लेकर आती है। इस उत्सव का संदेश सिर्फ खुशियों का नहीं, बल्कि आशा और नए अनुभवों को अपनाने का भी है। यही सोच मैं अपने पेशेवर जीवन में भी लागू कर रही हूं। 'वशीकरणम' मेरे लिए सिर्फ एक नया शो नहीं है, बल्कि एक नए दौर की शुरुआत है, जिसे मैं उत्साह और समर्पण के साथ निभा रही हूं।'' स्नेहलता ने आगे कहा, ''थ्रिलर जैसे जॉनर में काम करना आसान नहीं होता। इस तरह के शो में अभिनय करते समय भावनाओं और एक्सप्रेशन पर मजबूत पकड़ होना बेहद जरूरी है। हर सीन को खास बनाने के लिए अभिनेता को पूरी तरह उस पल में डूबना पड़ता है। इस तरह के अनुभव से अभिनय में गहराई आती है और दर्शकों के लिए किरदार ज्यादा विश्वसनीय बनता है।'' स्नेहलता वसईकर मराठी फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में लंबे समय से एक जाना-माना नाम हैं। उन्होंने कई क्षेत्रीय फिल्मों और शो में काम किया है और अपने अभिनय की वजह से दर्शकों के बीच खास पहचान बनाई है। उनके लिए 'वशीकरणम' शो टीवी में डेब्यू प्रोजेक्ट है।




# वेब सीरीज 'सपने vs एवरीवन' में नजर आएंगी खुशाली कुमार


फिल्म 'घुड़चड़ी' में रवीना टंडन और संजय दत्त के साथ अभिनय कर चुकीं खुशाली कुमार अब फिल्मों के बाद जल्द ही ओटीटी पर अपना डेब्यू करने वाली हैं। यह सीरीज का दूसरा भाग होगा, जो ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होगा। फैशन और म्यूजिक वीडियो से शुरुआत करने वाली खुशाली अब फिल्मों और वेब सीरीज पर ज्यादा ध्यान दे रही हैं। खुशाली कुमार वेब सीरीज 'सपने vs एवरीवन' के सीजन 2 में नजर आएंगी। इस सीरीज में खुशाली 'तृप्ती' नाम की लड़की की भूमिका में नजर आएंगी। इस सीरीज को लेकर खुशाली काफी उत्साहित हैं। हाल ही में मुंबई में एक इवेंट में खुशाली ने इस प्रोजेक्ट के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए सपने सच होने जैसा लग रहा है। पहली बार ओटीटी पर काम करना उनके लिए बहुत खास और भावुक अनुभव है।

खुशाली कुमार कई फिल्मों में अभिनय कर चुकी हैं। उन्हें आखिरी बार संजय दत्त और रवीना टंडन की फिल्म 'घुड़चढ़ी' में देखा गया था। इसके अलावा वह 'धोखा: राउंड डी कॉर्नर', 'स्टारफिश',, 'डेढ़ बीघा जमीन' जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। इसके अलावा, उन्होंने टी-सीरीज के कई लोकप्रिय संगीत वीडियो जैसे 'मैनु इश्क दा', 'हाईवे स्टार', और 'रात कमाल है' में भी काम किया है।

# 'धुरंधर 2' की आड़ में रामगोपाल वर्मा ने नामी एक्टर्स पर साधा निशाना



गुरुवार को फिल्म 'धुरंधर 2' सिनेमाघरों रिलीज हुई, इसने पहले दिन ही 100 करोड़ क्लब में एंट्री मार ली। ऐसा करने वाली यह पहली भारतीय फिल्म है। रणवीर सिंह के करियर की भी यह सबसे बड़ी हिट बन गई है। फिल्म को आदित्य धर ने निर्देशित किया है। इस फिल्म को देखकर डायरेक्टर रामगोपाल वर्मा गदगद हैं। साथ ही वह बॉलीवुड के बाकी फिल्ममेकर्स और एक्टर को भी एक चेता रहे हैं। एक ट्वीट करते हुए पहले रामगोपाल वर्मा ने भारतीय सिनेमा के फिल्ममेकर्स को निशाने पर लिया। वह अपने ट्वीट में लिखते हैं, 'धुरंधर 2 उन सभी फिल्म निर्माताओं के लिए एक डरावनी फिल्म है जिन्होंने घटिया सिनेमा पर अपना करियर और दौलत बनाई। वो सिनेमा जो शोर-शराबे और मसाले से भरा हुआ, हमारे गले में जबरदस्ती उतारा गया था, अब जल्द ही वेंटिलेटर पर सांस लेने के लिए संघर्ष करता हुआ नजर आएगा।'
आगे ट्वीट में रामगोपाल वर्मा ने बिना नाम लिए बड़े एक्टर्स को भी लताड़ा है। वह ट्वीट में लिखते हैं, ' फिल्म 'धुरंधर 2' उन सभी फिल्म निर्माताओं को बुरी तरह डरा देगी जो आज भी स्टार्स को भगवान की तरह पूजते हैं। रणवीर सिंह की इस फिल्म ने उन सभी हीरोज को मार डाला है जो कभी खून नहीं बहाते, कभी दर्द महसूस नहीं करते हैं।' डायरेक्टर ने बॉलीवुड के उन हीरो को सर्कस का जोकर तक कह दिया है। रामगोपाल वर्मा ने अपने ट्वीट में कई और बातें कही हैं। लेकिन आखिरी में वह 'धुरंधर 2' के डायरेक्टर आदित्य धर को जमकर सराहते हैं। वह ट्वीट में लिखते हैं, 'फिल्म 'धुरंधर 2' सिर्फ एक मूवी नहीं है। यह एक फैसला है। आदित्य धर ने उस तरह के सिनेमा का सिर काट दिया है, जिसने दर्शकों की समझ का अपमान किया है। जिसने कहानियों की जगह भड़कीले और दिखावटी विजुअल्स को दिखाया, जिसने हीरो को भगवान और दर्शकों को भेड़ बना दिया।



# इमेज के लिए नहीं करता देशभक्ति फिल्में

बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार ने अपनी कनाडाई नागरिकता पर खुलकर बात की है। इंडिया टुडे कॉन्क्लेव में अक्षय ने बताया कि उन्होंने कनाडा शिफ्ट होने का फैसला तब लिया था, जब उनकी बैक-टू-बैक 16-17 फिल्में फ्लॉप हो गई थीं। अक्षय ने साफ किया कि वह देशभक्ति वाली फिल्में अपनी कोई खास इमेज बनाने के लिए नहीं करते हैं, बल्कि इसलिए करते हैं क्योंकि उन्हें वह विषय सही लगते हैं।

### लगातार फिल्में फ्लॉप हुई तो लिया था फैसला

अक्षय कुमार ने बताया कि उनके करियर में एक ऐसा दौर आया था जब उनकी 16-17 फिल्में लगातार फ्लॉप हो गई थीं। अक्षय के मुताबिक, मेरे पास काम तो था लेकिन सिर्फ 3-4 फिल्में बची थीं। उस वक्त मुझे लगा कि अब कुछ और करना चाहिए। मुझे कनाडा में काम मिल रहा था, तो मैंने वहां जाकर छोटा सा बिजनेस करने का प्लान बनाया था। इसी दौरान अक्षय ने कनाडा की नागरिकता ली और उन्हें वहां का पासपोर्ट मिल गया। अक्षय ने कहा की कमाल की बात यह रही कि मेरी जो 3 फिल्में रिलीज होने वाली थीं, वो तीनों ही हिट हो गईं। मुझे फिर से भारत में काम मिलने लग गया। मैंने अपने दोस्त से कह दिया कि मैं अब नहीं आ रहा हूं और भारत में ही रहूंगा। उस बीच मैं पासपोर्ट वाली बात भूल गया। मेरे लिए वह सिर्फ एक ट्रैवल डॉक्यूमेंट था।

### इमेज बनाने के लिए नहीं करता देशभक्ति फिल्में

जब अक्षय से पूछा गया कि क्या 'केसरी' जैसी फिल्में उन्होंने नेशनलिस्ट हीरो की इमेज बनाने के लिए कीं? इस पर उन्होंने कहा, मैं जो भी काम करता हूं, अपनी इमेज बनाने के लिए नहीं करता। मैं बहुत काम करता हूं, लेकिन देशभक्त की इमेज बनाने के लिए नहीं। मैं वो काम करता हूं जो मुझे अच्छा लगता है। उन्होंने कहा कि लोगों को लगता है कि मैं ट्रोलिंग से बचने के लिए ऐसी फिल्में करता हूं, जबकि ऐसा नहीं है।

### भारत में सबसे ज्यादा टैक्स भरा, फिर भी लोग बोलते हैं

ट्रोलिंग पर दुख जताते हुए अक्षय ने कहा, लोग मुझे कैनेडियन-कैनेडियन कहने लगे, तो मैंने पासपोर्ट ही बदल लिया। मुझे समझ नहीं आता कि लोग इतना क्यों बोलना चाहते हैं? वह सिर्फ एक पासपोर्ट था, जबकि मैं टैक्स भारत में भरता हूं। जब मैं कैनेडियन था, तब भी मैंने भारत में सबसे ज्यादा टैक्स भरा। मैंने कनाडा में कभी टैक्स नहीं भरा, लेकिन इसकी कोई बात नहीं करता।

### 2023 में मिली भारत की नागरिकता

अक्षय कुमार के पास लंबे समय तक कनाडा की नागरिकता रही, जिसके कारण उन्हें सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया जाता था। साल 2023 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अक्षय ने जानकारी दी थी कि उन्हें अब भारतीय नागरिकता और पासपोर्ट मिल गया है। इससे पहले वे कनाडाई नागरिक होने के कारण भारत में वोट भी नहीं डाल पाते थे।

# बड़े पैमाने पर शिवाजी की कहानी को दिखाना चाहते हैं रितेश



रितेश देशमुख अपनी महत्वाकांक्षी फिल्म 'राजा शिवाजी' के साथ छत्रपति शिवाजी महाराज की कहानी को बड़े पर्दे पर लाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हाल ही में 'धुरंधर 2' के साथ फिल्म का टीजर दिखाया गया, जिसे देखने के बाद फैंस इस फिल्म के लिए और भी उत्साहित हो गए हैं। अभिनेता-निर्देशक रितेश देशमुख के लिए यह फिल्म सिर्फ एक सिनेमाई प्रयास से कहीं बढ़कर है। यह एक बेहद निजी सफर है, जो एक महाराष्ट्रीयन के रूप में उनकी जड़ों से जुड़ा है। उनका मानना है कि इस महान योद्धा राजा का किरदार निभाना उनके लिए गर्व और जिम्मेदारी की बात है।

### छत्रपति शिवाजी महाराज आज भी लोगों को प्रेरित करते हैं


वैरायटी से बात करते हुए रितेश देशमुख ने छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रभाव के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि एक मराठी परिवार से होने के नाते, हम छत्रपति शिवाजी महाराज की वीरता की कहानियां पढ़ते और सुनते हुए बड़े हुए हैं। उनकी प्रासंगिकता आज की पीढ़ी में भी उतनी ही सच्ची है। मुझे नहीं लगता कि दुनिया में उनके जैसा कोई दूसरा है। मैं गुरुओं या देवताओं की बात नहीं कर रहा। मैं एक ऐसे राजा की बात कर रहा हूं, जो लगभग 350 साल पहले रहते थे, लेकिन आज भी लोग उनके लिए सब कुछ कुर्बान करने को तैयार हैं। वो आज भी लोगों को प्रेरित करते हैं। एक ऐसे राजा जिन्होंने एक अमर विरासत छोड़ी है, जो आज भी प्रेरणा देती है। फिल्म को लेकर रितेश देशमुख ने कहा कि 'राजा शिवाजी' एक मराठी द्विभाषी फिल्म है। हम अन्य भाषाओं में भी फिल्म बनाने की सोच रहे हैं। हमारा उद्देश्य इसे बड़े पैमाने पर बनाना है। अक्सर, मराठी फिल्में सीमित दायरे में ही बन पाती हैं। जनसंख्या के हिसाब से, महाराष्ट्र में लगभग 12 करोड़ लोग हैं, जिनमें से लगभग 10 करोड़ मराठी भाषी हैं। यह कई अन्य राज्यों या यहां तक कि देशों की जनसंख्या से कहीं अधिक है। हालांकि, बॉक्स ऑफिस के आंकड़े इसे नहीं दर्शाते। क्षमता तो है ही, जैसा कि 'सैराट' (2016), 'लाई भारी' (2014) या 'वेद' (2022) ने दिखाया है। मैं महाराष्ट्र की व्यावसायिक क्षमता का लाभ उठाना चाहता हूं। शिवाजी महाराज को पूरे भारत में पूजा जाता है। हम चाहते हैं कि लोग देखें कि राजा के निर्माण में क्या-क्या शामिल था और उनके बचपन पर किन-किन चीजों का प्रभाव पड़ा।

### हम एक नए पहलू को बताने की कोशिश कर रहे हैं

फिल्म की कहानी और शूटिंग अनुभव को लेकर अभिनेता ने कहा कि कहानी उनके एक साक्षी होने से शुरू होती है। फिर उनके प्रश्न पूछने तक और अंत में उनके द्वारा अपने भविष्य के बारे में फैसले लेने तक जाती है। हम उनके व्यक्तित्व के एक बिल्कुल अलग पहलू की पड़ताल कर रहे हैं। यह जितनी ऐतिहासिक गाथा है, उतनी ही यह एक परिवार की कहानी भी है। एक पिता, एक पुत्र, एक पति और एक भाई की कहानी। उनका 50 साल की कम उम्र में ही निधन हो गया, लेकिन तब तक उन्होंने बहुत कुछ हासिल कर लिया था। मैं उनके जीवन को ढाई-तीन घंटे में समेटने की कोशिश कर रहा हूं।

### 1 मई को रिलीज होगी 'राजा शिवाजी'

रितेश देशमुख ने 'राजा शिवाजी' में न सिर्फ अभिनय किया है, बल्कि इसे निर्देशित भी किया है, कहानी भी लिखी है और प्रोड्यूस भी किया है। फिल्म में एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी, जिसमें संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, जेनेलिया देशमुख, फरदीन खान, महेश मांजरेकर, भाग्यश्री और सलमान खान के नाम शामिल हैं।



# रेवाड़ी में निजीकरण के विरोध में धरना, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।**



शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में बढ़ते निजीकरण के विरोध में मंगलवार को रेवाड़ी के लघु सचिवालय परिसर में राष्ट्रीय बौद्ध महासभा एवं सावित्रीबाई ज्योतिबा फूले फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय धरना आयोजित किया गया। धरने में बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन शामिल हुए और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन डीडीपीओ के माध्यम से सौंपा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हुकम चंद थानेदार ने की। इस दौरान वक्ताओं ने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे बुनियादी क्षेत्रों का निजीकरण आम जनता के हितों के खिलाफ है। फाउंडेशन के प्रधान कामरेड सुभाष चंद्र एडवोकेट ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी देश के विकास का सही पैमाना उसके नागरिकों को मिलने वाली सुविधाएं होती हैं। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों को निशुल्क शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और रोजगार उपलब्ध होना चाहिए, लेकिन वर्तमान में इन क्षेत्रों का व्यवसायीकरण हो गया है, जिससे आम आदमी की पहुंच से ये सुविधाएं दूर होती जा रही हैं। उन्होंने सरकार पर शिक्षा बजट में कटौती करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों के कई पद खाली पड़े हैं, जिन्हें शीघ्र भरा जाना चाहिए। साथ ही सिविल अस्पताल रेवाड़ी को रामगढ़ भगवानपुर में स्थानांतरित करने की मांग भी उठाई, ताकि आम जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने निजी अस्पतालों द्वारा मनमानी फीस वसूली पर भी चिंता जताई। वक्ताओं ने कहा कि रोजगार के नए अवसर सृजित करने के बजाय मौजूदा विभागों को भी बंद किया जा रहा है, जिससे युवाओं में निराशा बढ़ रही है। साथ ही यूजीसी बिल को भेदभावपूर्ण बताते हुए इसे रोकने की मांग की गई और आंदोलन को और तेज करने का आह्वान किया गया। धरने में रमेश चंद, शेडू राम नंबरदार, के.के. मूलनिवासी, भगवान सिंह, रामकिशन, पूनम सिंह बाघ, पवन कुमार, आशा, प्रताप सिंह, करण सिंह, सतीश कुमार, मोहर सिंह, अनिल कुमार, वीरेंद्र सिंह, बिमला देवी, ममता सिंह (अधिवक्ता), अनीता, प्रधान शेर सिंह, कुमार हवा सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। धरने के अंत में आयोजकों ने कहा कि यदि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# एक्सप्रेस-वे पर सख्ती का फरमान: फेंसिंग-साइन बोर्ड अनिवार्य, अवैध ढाबों पर चलेगा संयुक्त अभियान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.दौसा।**



**मनोज खंडेलवाल ।** जिले में लगातार बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। मंगलवार को जिला कलक्ट्रेट में अतिरिक्त जिला कलक्टर अरविंद शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में एक्सप्रेस-वे सहित प्रमुख मार्गों पर सुरक्षा मानकों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए। बैठक में साफ कहा गया कि चिन्हित संवेदनशील स्थानों पर फेंसिंग और स्पष्ट साइन बोर्ड की अनिवार्य व्यवस्था की जाए, ताकि दुर्घटनाओं की आशंका को प्रभावी रूप से कम किया जा सके और यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने हाल ही में किए गए संयुक्त निरीक्षण की रिपोर्ट पर चर्चा करते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए और ष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को एक्सप्रेस-वे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की नियमित मॉनिटरिंग तथा त्वरित मरम्मत सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि तकनीकी निगरानी में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। इसके साथ ही एक्सप्रेस-वे के आसपास पनप रहे अवैध ढाबों को दुर्घटनाओं का बड़ा कारण मानते हुए राजस्व व पुलिस विभाग के संयुक्त अभियान के जरिए उन्हें हटाने के निर्देश दिए गए, जिससे सड़क किनारे अनियंत्रित गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। बैठक में यह भी तय किया गया कि एक्सप्रेस-वे से सटे विद्यालयों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे, ताकि कम उम्र से ही यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदारी विकसित हो सके। वहीं बांदीकुई के पास जयपुर मर्जर पॉइंट पर आवश्यक साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए, जहां यातायात दबाव के चलते दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। शहर की यातायात व्यवस्था पर चर्चा करते हुए उपखंड अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति को विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए, जिससे शहरी क्षेत्र में भी सुगम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। आई रेड पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान सभी विभागों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि पेंडेंसी को शीघ्र समाप्त कर जवाबदेही सुनिश्चित करें। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में घायलों के त्वरित उपचार की व्यवस्था को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। बैठक में प्रधानमंत्री राहत योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि दुर्घटना के बाद 'गोल्डन आवर' में पीड़ितों को सात दिनों तक डेढ़ लाख रुपए तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे समय पर इलाज मिलने से मृत्यु दर में कमी लाने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में नगर परिषद आयुक्त कमलेश कुमार मीणा, पुलिस उपाधीक्षक धर्मेंद्र शर्मा, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता अमृतलाल देवपाल, जिला परिवहन अधिकारी संजीव भारद्वाज, डॉ. दीपक शर्मा सहित राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण व रिडकोर के परियोजना निदेशक तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# सिलारपुरी विद्यालय का शानदार प्रदर्शन, 100प्रतिशत रहा 10वीं बोर्ड परिणाम

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सिंघाना।**

पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिलारपुरी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ने इस वर्ष माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। विद्यालय के इस शानदार परिणाम से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। वरिष्ठ अध्यापक सुनील मेहरा ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के सभी 12 विद्यार्थी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए, जिनमें से 11 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी तथा 1 विद्यार्थी ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की। यह उपलब्धि सरकारी विद्यालयों में बढ़ते शिक्षा स्तर का प्रमाण है। विद्यालय के छात्र खुशवीर पुत्र सुमेर सिंह ने 87.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया और अपने परिवार व विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय की संस्था प्रधान अंजना ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों का मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से यह उत्कृष्ट परिणाम संभव हो पाया है। विद्यालय के शिक्षक स्नेह कुमार, पवन कुमार, रामावतार, नितिन कुमार, सुरेश कुमार, सुमन कुल्हार, सुमन कुमारी, अमलेश, उर्मिला, पूनम कुमारी एवं सरिता कुमारी सहित समस्त स्टाफ ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में भी इसी प्रकार बेहतर परिणाम देने के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

# ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत नशा मुक्ति अभियान तेज फतेहाबाद व टोहाना में पीड़ितों की काउंसलिंग व उपचार

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**



**रजत विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत जिला में नशा मुक्ति अभियान को निरंतर प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में नशा मुक्ति टीम फतेहाबाद द्वारा नागरिक अस्पताल फतेहाबाद में दाखिल नशा पीड़ितों की काउंसलिंग कर उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। दूसरे चरण में एसआई सुंदर के कुशल नेतृत्व में टीम द्वारा शहर फतेहाबाद के 02, गांव हिजरांवा कलां के 02 तथा शहर रतिया के 02 सहित कुल 06 नशा पीड़ितों को चिन्हित किया गया। इन सभी पीड़ितों की विस्तृत काउंसलिंग करने के उपरांत उन्हें होम्योपैथिक व आयुर्वेदिक दवाइयां उपलब्ध करवाई गईं। टीम द्वारा पीड़ितों के परिजनों से भी संवाद स्थापित कर उन्हें सहयोग व निरंतर उपचार के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ-साथ आमजन को नशे के खिलाफ जागरूक करते हुए समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने का संदेश दिया गया। वहीं, सहायक उपनिरीक्षक सज्जन कुमार के नेतृत्व में नशा मुक्ति अभियान टोहाना मंडल के अंतर्गत शहर टोहाना के संवेदनशील क्षेत्र गांव डांगरा में विशेष अभियान चलाया गया। टीम ने नशा पीड़ितों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी काउंसलिंग की तथा दो पीड़ितों को आयुष दवाइयां उपलब्ध करवाई गईं। पीड़ितों और उनके परिवारजनों को नशा छोड़ने के लिए निरंतर उपचार व परामर्श अपनाने हेतु प्रेरित किया गया, ताकि वे मुख्यधारा में वापस लौट सकें। अभियान के दौरान युवाओं को नशे से दूर रखने के उद्देश्य से उन्हें खेलों की ओर प्रोत्साहित किया गया। सायंकाल में किला मोहल्ला टोहाना में युवाओं को खेल मैदान में एकत्रित कर क्रिकेट गतिविधि करवाई गई, जिसमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। युवाओं द्वारा वॉलीबॉल खेलने में अधिक रुचि व्यक्त की गई, जिस पर टीम द्वारा शीघ्र ही आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया। जिला पुलिस द्वारा नशा मुक्ति के इस अभियान को निरंतर जारी रखते हुए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने तथा पीड़ितों को उपचार उपलब्ध करवाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# 98.83' के साथ बालाहेडी के छात्र आशुतोष ने रचा कीर्तिमान, क्षेत्र का बढ़ाया मान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.दौसा।**



**मनोज खंडेलवाल ।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परिणामों में बैजूपाड़ा ब्लॉक के आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, बालाहेड़ी के छात्र आशुतोष जांगिड़ ने 98.83 प्रतिशत अंक हासिल कर न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया। ग्रामीण परिवेश से निकलकर इतनी उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले आशुतोष ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों के मार्गदर्शन और माता-पिता के सहयोग को दिया, जिसने सीमित संसाधनों के बीच भी उनके हौसले को मजबूती दी। विद्यालय के अध्यापक रामकेश मीना ने बताया कि आशुतोष ने नियमित अनुशासन के साथ प्रतिदिन करीब छह घंटे अध्ययन किया और अपनी लगन व मेहनत के बल पर यह मुकाम हासिल किया। उनका कहना रहा कि यह सफलता केवल अंक नहीं बल्कि निरंतर परिश्रम, स्पष्ट लक्ष्य और सशक्त मार्गदर्शन का परिणाम है, जिससे विद्यालय की शैक्षणिक प्रतिष्ठा भी और मजबूत हुई है। इस उपलब्धि पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बैजूपाड़ा मुकेश कुमार मीणा ने ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विद्यालयों के सफल विद्यार्थियों से फोन पर संपर्क कर उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों की यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि सही दिशा, मेहनत और अवसर मिलने पर गांव के बच्चे भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। आशुतोष की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनकर उभरी है, जो यह संदेश देती है कि सीमित साधनों के बावजूद दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता

# अपराध नियंत्रण को लेकर एसपी की रणनीतिक बैठक, कानून-व्यवस्था और तकनीक पर विशेष जोर

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**




**रजत विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के निर्देशन में पुलिस लाइन स्थित एनजीओ मैस के मीटिंग हॉल में जिले की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं पुलिस कार्यप्रणाली की समीक्षा को लेकर मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिले में घटित गंभीर अपराधों, लंबित विवेचनाओं, वांछित आरोपियों, न्यायालयीन प्रकरणों एवं लंबित वारंटों की गहन समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि प्रत्येक मामले में गुणवत्तापूर्ण जांच सुनिश्चित की जाए और तय समयसीमा में उनका निष्पादन किया जाए। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि वे स्वयं शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनें और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करें, ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हो। नवरात्र पर्व के मद्देनजर एसपी ने जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। मंदिरों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखने, गश्त बढ़ाने और पुलिस की सक्रिय उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया, ताकि त्योहार के दौरान शांति और कानून-व्यवस्था बनी रहे। नशा तस्करी के मामलों को लेकर एसपी सिद्धांत जैन ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी थाना क्षेत्र में अवैध नशा गतिविधियां पाई जाती हैं तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी।

इसके साथ ही अवैध सट्टेबाजी, सूदखोरी एवं अन्य संगठित अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। बैठक में तकनीक आधारित पुलिसिंग को बढ़ावा देने पर भी विशेष जोर दिया गया। ई-साक्ष्य एवं ई-सम्मन प्रणाली के प्रभावी उपयोग के निर्देश दिए गए, वहीं साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए सतर्कता बढ़ाने और महिला एवं बाल अपराधों में संवेदनशील एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।बैठक के अंत में एसपी सिद्धांत जैन ने कहा कि जिले में अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं है, जबकि आम नागरिकों की सुरक्षा, सम्मान और शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर एएसपी रतिया दिव्यांशी सिंगला, आईपीएस, डीएसपी मुख्यालय कुलवंत सिंह, डीएसपी नरसिंह, डीएसपी भट्टूकला संजय, डीएसपी जगदीश कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# एक नहीं, दो नहीं... पूरे 31 ने 90 पार: साइंस कैम्पस-राधिका स्कूल का परचम, मंडावर से पूरे क्षेत्र में गूंजी कामयाबी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**



**मनोज खंडेलवाल ।** 'मेहनत इतनी खामोशी से करो कि सफलता शोर मचा दे' इस कहावत को साकार करते हुए मंडावर के सुप्रसिद्ध शिक्षण संस्थान साइंस कैम्पस व राधिका पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में अभूतपूर्व सफलता दर्ज कर शिक्षा जगत में नई मिसाल कायम कर दी। इस बार परिणामों में एक-दो नहीं बल्कि पूरे 31 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय की श्रेष्ठता सिद्ध की बल्कि मंडावर सहित पूरे क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा दिया। हिन्दी माध्यम में साइंस कैम्पस स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तनिष्क सिंह राजपूत, भव्य खंडेलवाल, कृष्ण कुमार मंगल व राधिका सैनी ने 95 प्रतिशत अंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया, वहीं प्रवीण कुमार मीना, अनुष्का मीना व ईतिका मीना ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्टता की नई ऊंचाई छुई। इसके साथ ही चेतन जोशी, मोहित कुमार शर्मा, साहिल सैनी, कोमल मीना, सारिका सैनी, गुलशन प्रजापत व प्रियांशु मीना ने 93 प्रतिशत, काव्या खंडेलवाल व अवंतिका मीना ने 92 प्रतिशत तथा एकता मीना, ललिता सैनी व कुणाल टांक ने 91 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं विहान सिंहल, निशांत प्रजापत, नमन गोयल व महेंद्र मीना ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट परिणामों की श्रृंखला को मजबूती दी।

अंग्रेजी माध्यम में राधिका पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भी अपनी प्रतिभा का दम दिखाते हुए देवांश जोशी ने 97 प्रतिशत, सोनम मीना ने 96 प्रतिशत, गर्वित कुमार जैन ने 96 प्रतिशत, आकाश जैन ने 95 प्रतिशत, आयुष जादौन ने 94 प्रतिशत, अर्जन जैन व उर्वशी मीना ने 92 प्रतिशत तथा युवल कुमार मीना ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस संयुक्त सफलता ने यह स्पष्ट कर दिया कि संस्थान हिन्दी व अंग्रेजी दोनों माध्यमों में गुणवत्ता की नई परिभाषा लिख रहा है। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल बन गया, जहां सफल विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को आमंत्रित कर साफा व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। 'जहां चाह वहां राह' की भावना को चरितार्थ करते इन विद्यार्थियों की उपलब्धि पर विद्यालय निदेशक विजय झालानी ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन का परिणाम है और उन्हें भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ आगे बढ़ते रहना चाहिए। समन्वयक विवेक अग्रवाल ने भी विद्यार्थियों को जीवन की हर परीक्षा में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की प्रेरणा दी और निरंतर आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ व विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से खुशी का इजहार करते हुए डीजे की धुन पर जश्न मनाया। यह परिणाम न केवल संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण है बल्कि यह भी दर्शाता है कि ग्रामीण परिवेश में भी यदि मार्गदर्शन सही हो तो प्रतिभा किसी भी मंच पर अपनी पहचान बना सकती है। मंडावर की यह उपलब्धि अब पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा बनकर उभरी है, जहां शिक्षा के क्षेत्र में एक नया मानक स्थापित होता नजर आ रहा

# मंडावर में सरकारी स्कूल ने दसवी बोर्ड के परिणामो में रचा इतिहास

## मंडावर पेच स्कूल का शत-प्रतिशत परिणाम, 92.17% लाकर तनिषा नूर बनी बडी प्रेरणा।

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**



**मनोज खंडेलवाल ।** अक्सर कहा जाता है कि 'मेहनत की लौ जब जलती है तो हालात भी रास्ता छोड़ देते हैं ', और इसी कहावत को साकार कर दिखाया है मंडावर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (पेच स्कूल) ने, जिसने इस वर्ष राजस्थान बोर्ड की कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणामों में अभूतपूर्व सफलता हासिल कर सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था को लेकर बनी पुरानी धारणाओं को जड़ से हिला दिया है। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जहां कक्षा दसवीं में अध्ययनरत सभी 22 विद्यार्थी सफल हुए, वहीं छात्रा तनिषा नूर पुत्री शोयब मोहम्मद, निवासी गॉव मंडावर ने 92.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र में प्रतिभा का परचम लहरा दिया। यह उपलब्धि केवल अंकों की सफलता भर नहीं है, बल्कि उस सोच पर करारा जवाब है, जिसमें अक्सर सरकारी स्कूलों को संसाधनों और गुणवत्ता के मामले में कमतर आंका जाता रहा है। पेच स्कूल के इस परिणाम ने साबित कर दिया है कि 'जहां चाह होती है, वहां राह खुद बन जाती है' और योग्य शिक्षकों के मार्गदर्शन, निरंतर मेहनत तथा सकारात्मक माहौल के चलते सरकारी विद्यालय भी उत्कृष्ट शिक्षा का सशक्त केंद्र बन सकते हैं। विद्यालय के इस शानदार प्रदर्शन के बाद क्षेत्र में शिक्षा को लेकर नई उम्मीद जगी है। आमजन के बीच यह चर्चा जोरों पर है कि अब तक सरकारी स्कूलों के प्रति जो भ्रांतियां बनी हुई थीं, वे इस परिणाम के बाद स्वत: समाप्त होती नजर आ रही हैं। लोगों का मानना है कि जब स्थानीय स्तर पर ही बेहतर परिणाम मिल सकते हैं, तो निजी विद्यालयों की ओर अनावश्यक झुकाव कम होगा और अभिभावक अपने बच्चों को सरकारी विद्यालयों में प्रवेश दिलाने के प्रति अधिक जागरूक होंगे। इस सफलता ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे संसाधनों और योजनाओं का यदि सही दिशा में उपयोग हो, तो परिणाम असाधारण हो सकते हैं। 'काबिलियत को किसी पहचान की जरूरत नहीं होती, वह खुद अपनी मिसाल बन जाती है ', और पेच स्कूल का यह परिणाम उसी का जीवंत उदाहरण बनकर उभरा है। विद्यालय परिवार की इस उपलब्धि ने न केवल मंडावर बल्कि पूरे क्षेत्र में एक सकारात्मक संदेश दिया है कि सरकारी स्कूलों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संभव है और आने वाले समय में यही विश्वास सरकारी शिक्षा व्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में मील का पत्थर साबित होगा।

# धर्म परिवर्तन करने पर एससी दर्जा होगा किया जाएगा रद्द -सुप्रीम कोर्ट

## मौलिक अधिकारों का हनन बताया,सुप्रीम कोर्ट के फैसले की पुनर्विचार याचिका करेंगे दायर -एडवोकेट विजय कृष्ण रंगा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नई दिल्ली।**



**रजत रंगा ।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक अहम फैसले में स्पष्ट किया कि अनुसूचित जाति (एससी) का दर्जा केवल हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म से जुड़े लोगों को ही मिल सकता है। यदि कोई व्यक्ति ईसाई या किसी अन्य धर्म को अपनाता है, तो वह एससी का दर्जा खो देता है। जस्टिस पी.के. मिश्रा और मनमोहन की बेंच ने कहा कि ईसाई धर्म अपनाने वाला व्यक्ति एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मिलने वाले लाभों का दावा नहींकर सकता ,यह फैसला आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय निर्णय के खिलाफ सुनाया गया । मामला चिंथदा आनंद नामक व्यक्ति से जुड़ा था, जिन्होंने धर्म परिवर्तन के बाद भी जातिगत भेदभाव का हवाला देते हुए एससी/एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कराया था।सुप्रीम कोर्ट ने यह भी दोहराया कि यदि कोई व्यक्ति ईसाई धर्म अपनाने के बाद तो उसे एससी दर्जा पाने के लिए दोबारा हिंदू धर्म में लौटता है, ठोस प्रमाण और संबंधित समुदाय की स्वीकृति आवश्यक होगी। केवल लाभ लेने के उद्देश्य से धर्म परिवर्तन करना संविधान की भावना के खिलाफ माना जाएगा। यह फैसला धर्म परिवर्तन और आरक्षण से जुड़े मामलों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हरियाणा भीम आर्मी (लीगल विंग) के प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट विजय कृष्ण रंगा टोहाना ने कहा कि यह निर्णय संविधान में मौलिक अधिकारों के हनन से सम्बन्धित है इसलिए सुप्रीम कोर्ट आफ इंडिया नई दिल्ली में शीघ्र इस निर्णय के विरुद्ध नियमानुसार पुनर्विचार याचिका व संविधान पीठ के सम्मुख पूरा मामला रखकर अनुसूचित जाति समाज को न्याय दिलवाने का प्रयास करेंगे।

# डूमोली खुर्द की बेटियों का कमाल: मानसी व आरुषि ने 97' से अधिक अंक लेकर स्कूल किया टॉप

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सिंघाना।**






क्षेत्र के श्री कृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डूमोली खुर्द का इस वर्ष कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय की दो प्रतिभाशाली छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम गौरवान्वित किया।विद्यालय की छात्रा मानसी पुत्री कुलदीप सिंह ने 97.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं आरुषि पुत्री विजय सिंह ने 97.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल है और पूरे क्षेत्र में गर्व की अनुभूति हो रही है।विद्यालय के निदेशक डॉ. विकास दौराता ने बताया कि छात्राओं की इस सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों का निरंतर मार्गदर्शन रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यालय हमेशा से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है, जिसका परिणाम आज सामने है।निदेशक रामनिवास दौराता ने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और यह परिणाम इस बात का प्रमाण है कि यदि सही दिशा और अवसर मिले तो वे किसी से कम नहीं हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को मेहनत और लगन के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिवार द्वारा दोनों मेधावी छात्राओं का सम्मान किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर शिक्षकों व अभिभावकों ने भी खुशी जताते हुए छात्राओं को बधाई दी।विद्यालय के इस उत्कृष्ट परिणाम ने एक बार फिर साबित कर दिया कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में भी प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है और सही मार्गदर्शन मिलने पर विद्यार्थी ऊंचाइयों को छू सकते हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com